राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

क्रांति समय

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उतरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उतरांचल,उतराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

सुरत–गुजरात,संस्करण शनिवार, 11 दिसंबर–2021 वर्ष–4,अंक–318 पृष्ठ–08 मूल्य–01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार में
प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

किशोरी से दुष्कर्म और हत्या का आरोपी दोषी करार, 16 दिसंबर को कोर्ट सुनाएगी सजा

क्रांति समय,सूरत

सूरत,सूरत कोर्ट ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और उसकी हत्या के आरोपी दोषी करार दिया है। आगामी 16 दिसंबर को कोर्ट दोषी की सजा का ऐलान करेगी। दुष्कर्म और हत्या का दोषी सूरत की लाजपोर जेल में बंद है।

आइए जानते हैं क्या पूरा मामला ?

सूरत के पांडेसरा क्षेत्र में 10 साल की किशोरी 7 दिसंबर 2020 को अपने ताऊ के घर के बाहर अकेली खेल रही थी। उस वक्त दिनेश दशरथ बैसाणे नामक शख्स वडापाऊं खिलाने की लालच देकर किशोरी को अपने साथ उधना बीआरसी कंपाउंड लक्ष्मीनारायण इंडस्ट्रीयल पार्क के सामने झाडियों में ले गया। जहां किशोरी के साथ दिनेश बैसाणे ने दुष्कर्म किया। विरोध करते हुए जब किशोरी ने दिनेश की ऊंगली पर काट लिया तो गुस्साए दिनेश बैसाणे ने उसके सिर ईंट से 7 जितने वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। किशोरी के पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी दिनेश बैसाणे के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म, हत्या और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 15 दिन के भीतर आरोपी दिनेश के खिलाफ 232 पन्नों की चार्जशीट कोर्ट में पेश कर दी। दोनों पक्षों की दलीलें खत्म होने के बाद आज सूरत की अदालत ने आरोपी दिनेश बैसाणे को दोषी करार दिया। 16 दिसंबर को कोर्ट दोषी को सजा सुनाएगी।

पीएम मोदी 13 दिसंबर काशी विश्वनाथ कोरिडोर का करेंगे उदघाटन

गुजरातभर के शिवालयों में होगा जलाभिषेक: गोरधन झडफिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट ''दिव्य काशी भव्य काशी'' के अंतर्गत 13 दिसंबर को गुजरातभर के शिवालयों में जलाभिषेक किया जाएगा। दरअसल पीएम मोदी 13 दिसंबर को काशी विश्वनाथ प्रोजेक्ट का उदघाटन करने वाले हैं। काशी विश्वनाथ कोरिडोर के उदघाटन के अवसर पर उत्तर प्रदेश भाजपा द्वारा ''दिव्य काशी भव्य काशी'' अभियान शुरू किया जाएगा, जो एक महीने यानी 13 दिसंबर 2021 से शुरू होकर 14 जनवरी 2022 तक चलेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत गुजरात में भी अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। भाजपा के उपाध्यक्ष गोरधन झडफिया ने कहा कि 13 दिसंबर को गुजरातभरके शिवालयों में जलाभिषेक किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में चुनाव से पहले इस कार्यक्रम को भाजपा के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखे जाने के सवाल पर गोरधन झडफिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पहले से भाजपा की हवा चल रही है और उसमें शक्ति प्रदर्शन जैसे की कोई बात नहीं है। 13 दिसंबर को उत्तर प्रदेश के बनारस में काशी विश्वनाथ कोरिडोर के उदघाटन के अवसर पर भाजपा द्वारा दिव्य काशी भव्य काशी अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान 13 दिसंबर 2021 को प्रारंभ होगा और 14 जनवरी 2022 यानी एक महीने तक चलेगा। इसके अंतर्गत 27700 शक्तिकेन्द्र में पूजा की जाएगी। साथ ही 13 और 14 दिसंबर को राज्य के सभी घरों, बाजारों और मंदिरों दीपोत्सव मनाया जाएगा।

13 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी काशी विश्वनाथ कोरिडोर का उदघाटन करेंगे और मुख्य मठ-मंदिरों में स्थित सभी 27700 शक्ति केन्द्रों में स्क्रीन लगाकर उदघाटन कार्यक्रम का जीवंत प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम में दिव्य काशी भव्य काशी के साहित्यों का भी वितरण किया जाएगा। साथ ही पांच लाख घरों में प्रसाद का भी वितरण किया जाएगा। इस दौरान धर्मगुरु और संतों-महंतों का भी सम्मान किया जाएगा।

દિવ્ય કાશી ભવ્ય કાશી
પત્રકાર વાર્તા

तेज रफ्तार बाइक सवार ने दुपहिया वाहनों को मारी टक्कर, एक की मौत, 2-3 घायल

वलसाड,जिले के धरमपुर के भरे बाजार में तेज रफ्तार बाइक चला रहे एक शख्स ने दो दुपहिया वाहनों को टक्कर मार दी। इस घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दो-तीन राहगीर जख्मी हो गए। जानकारी के मुताबिक वलसाड जिले के धरमपुर के प्रभु मुहल्ला क्षेत्र के भूत बंगला के निकट भीड़भाड़ वाले बाजार में एक शख्स तेज रफ्तार में बाइक से गुजर रहा था। तेज रफ्तार बाइक ने सामने से आई रही एक्टिवा और एक मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन से ज्यादा लोग घायल हो गए। गंभीर रूप घायल बाबू गवली को तुरंत पहले धरमपुर के अस्पताल पहुंचाया गया।

जहां उनकी हालत बिगड़ते देख वलसाड के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन उपचार के दौरान बाबू गवली की मौत हो गई।

दूसरी ओर हादसे के बाद बाइक सवार घटनास्थल से फरार हो गया। धरमपुर पुलिस ने फरार बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है।

जनरल बिपिन रावत ने अहमदाबाद शहीद जवान के परिवार को भेजी थी सियाचिन की मिट्टी

बुधवार को तमिलनाडु के कुन्नूर में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में देश के पहले चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत के आकस्मिक निधन ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस दुर्घटना में जनरल बिपिन रावत की पत्नी मधुलिका रावत और अन्य 11 सैन्य अधिकारियों ने भी अपनी जान गंवाई है। सीडीएस जनरल बिपिन रावत के निधन से देशवासियों की आंखे नम हैं और लोग उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। अहमदाबाद के शहीद कैप्टन निलेश के परिवार ने जनरल बिपिन रावत को याद करते हुए कहा कि वह उदार और भावनाशील थे। सोनी परिवार के पुत्र कैप्टन निलेश सोनी सियाचिन ग्लेशियर की चंदन पोस्ट पर शहीद हो गए थे। उस वक्त परिवार ने दिवंगत निलेश की स्मृति में सियाचिन की मिट्टी मंगवाई थी और इसके लिए सीडीएस जनरल बिपिन रावत को पत्र लिखा था। तीन दिन बाद बिपिन रावत को सोनी परिवार का खत मिला और पत्र मिलते ही उन्होंने शहीद के परिवार की इच्छा पूर्ण करने का आदेश दे दिया। 13 जुलाई को शहीद निलेश सोनी का जन्म दिन था और उसी दिन पूरे सम्मान के साथ रणभूमि सियाचिन की मिट्टी पूरे सम्मान के साथ उनके परिवार तक पहुंचाई गई। शहीद निलेश सोनी के भाई जगदीश सोनी जनरल बिपिन रावत को याद करते हुए भावुक हो गए और कहा कि सेना के तीनों अंगों के प्रमुख होने के बावजूद एक शहीद के परिवार के पत्र सम्मान बरकरार रखा। बिपिन रावत को हजारों पत्र मिलते होंगे, इसके बावजूद उन्होंने शहीद के परिवार की इच्छा पूर्ण करने का आदेश देकर अपनी उदारता का परिचय दिया था। इतना नहीं सियाचिन की मिट्टी पहुंचाने के बाद जनरल बिपिन रावत ने उनके परिवार को पत्र लिखा और फोन पर भी बातचीत की। बाद में सीडीएस जनरल बिपिन रावत के पीएस ने शहीद के भाई जगदीश सोनी के साथ की थी और कहा था कि बिपिन रावत सर जब कभी अहमदाबाद आएंगे तब आप के परिवार के साथ मुलाकात करेंगे। साथ ही शहीद कैप्टन निलेश सोनी के स्मृति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पण करने की इच्छा व्यक्त की थी। लेकिन सीडीएस जनरल बिपिन रावत के आकस्मिक निधन की खबर सुनकर काफी दुख हुआ है।

नए जोड़े गए क्षेत्र में पानी सहित बुनियादी सुविधाओं पर चर्चा के लिए सूरत में राज्य के शहरी विकास मंत्री और अधिकारियों की एक बैठक हुई

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार
में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार
संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-krantisamay@gmail.com

समस्या आपकी हमें भेजे

अपने क्षेत्र में समस्याएं
हमें लिखे या बताएँ
और समस्याएं का हल
संबंधित विभाग से मिलेगा
मोबाईल:-987914180
या फोटा,वीडियो हमें भेजे

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार
भारत के अन्य राज्यों में जिला ब्यूरों
और अन्य शहर,ग्राम में पत्रकारों
की नियुक्त के लिए आवेदन कर सकते है
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-krantisamay@gmail.com

सुविचार मुझे आने वाले कल का भय नहीं है क्योंकि मैंने बीता हुआ कल देखा है और मुझे आज से प्यार है। - विलियम ए व्हाइट

संपादकीय

अपूरणीय क्षति

ऐसे समय में जब देश चीन–पाक सीमा पर सुरक्षा की गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है, सेना के आधुनिकीकरण और तीनों सेनाओं के बीच रणनीतिक दृष्टि से बेहतर तालमेल बनाने वाले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष यानी सीडीएस जनरल बिपिन रावत की हेलिकॉप्टर हादसे में मृत्यु देश के लिये अपूरणीय क्षति है। बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी रावत की आवश्यकता देश की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न आयामों के लिए अपरिहार्य थी। जब राजग सरकार ने देश की सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर तीनों सेनाओं में बेहतर तालमेल और कारगर निर्णय क्षमता के लिये सीडीएस पद सृजित किया तो वे देश की पहली पसंद थे। थल सेनाध्यक्ष के कार्यकाल के रूप में उनका योगदान उन्हें इस महत्वपूर्ण पद के लिये अतिरिक्त योग्यता के रूप में देखा गया। दुखद ही है कि इस हादसे में बिपिन रावत, उनकी पत्नी समेत सेना के वरिष्ठ अधिकारियों, चालक दल के सदस्यों व जवानों समेत तेरह लोगों को देश ने खोया है। एक लेफ्टिनेंट जनरल के पुत्र बिपिन रावत ने सेना को अपना भविष्य बनाने के संकल्प के साथ देश की सेवा में एक बेदाग भूमिका निभायी। हालांकि, अपनी स्पष्टवादिता के चलते कई बार उनके बयानों को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी आई हैं, लेकिन शत्रुओं के खिलाफ उनकी रणनीति स्पष्ट और लक्ष्यों को हासिल करने वाली थी। पुलवामा हमले के बाद हुई सर्जिकल स्ट्राइक में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी गई थी। कारगर कार्यशैली के चलते ही वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ बेहतर तालमेल के चलते राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े अभियानों को बेहतर ढंग से अंजाम दे पाये। उन्हें इस बात का श्रेय दिया जा सकता है कि मौजूदा रक्षा चुनौतियों के बीच वे भारतीय सेना के तीनों अंगों के संरचनात्मक परिवर्तन के माध्यम बने। इसके जरिये सेना के तीनों अंगों में बेहतर तालमेल स्थापित हो पाया। उम्मीद थी कि अपने बचे एक साल के कार्यकाल में वे देश की सुरक्षा से जुड़े बाकी मुद्दों को निर्णायक दिशा दे पायेंगे। मृत्यु से एक दिन पूर्व एक कार्यक्रम में जैविक युद्ध के खतरे के प्रति चेताकर उन्होंने नई सुरक्षा चुनौतियों की ओर दुनिया का ध्यान खींचा था। निस्संदेह, देश का हर महत्वपूर्ण व्यक्ति अपने आप में विशिष्ट होता है, उसका कोई विकल्प नहीं होता। ऐसे में उसकी रक्षा देश का दायित्व ही होता है। तमिलनाडु में कुन्नूर के निकट हुए हादसे ने महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े किये हैं। यूं तो वे वायुसेना के जांचे–परखे एम.आई–17, बी–5 के जरिये यात्रा कर रहे थे, जो उन्नत किस्म का हेलिकॉप्टर है, लेकिन इस हादसे ने इसकी उपादेयता पर नये सिरे से बहस छेड़ी है। हालांकि, बकौल रक्षामंत्री इस हादसे की त्रिस्तरीय जांच की जा रही है, लेकिन देश को आश्वस्त करना होगा कि इस हादसे से सबक लेकर देश की अनमोल हस्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। निस्संदेह, दुर्घटना की हकीकत जांच के बाद ही सामने आएगी, लेकिन देश के रक्षा के महत्वपूर्ण निर्णयों से जुड़े बड़े सैन्य अधिकारी की हवाई दुर्घटना मौत में साजिश के कोण से भी जांच होनी चाहिए। विगत में हमने देश के अपने क्षेत्रों के अनमोल रत्नों को संदिग्ध हादसों में खोया है। देश में युद्धक विमानों व हेलिकॉप्टर हादसों से देश को फिर कोई बड़ी क्षति न उठानी पड़े, इस दिशा में गंभीर प्रयासों की जरूरत है। ताकि देश यह भी जान सके कि यह हादसा सिर्फ कोहरे के कारण कम दृश्यता के कारण हुआ है या फिर इसके पीछे कुछ तकनीकी खामियां थीं।

बिपिन रावतः शौर्य और साहस का दूसरा नाम

– योगेश कुमार गोयल

तमिलनाडु के नीलगिरी जिले के कुन्नूर में भारतीय वायुसेना के एमआई–17वी5 हेलीकॉप्टर हादसे से न केवल भारतीय सेना के तीनों अंग बल्कि समूचा देश गहरे सदमे में है। दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर में सवार सीडीएस बिपिन रावत और उनकी पत्नी के अतिरिक्त 11 लोगों की मौत ने हर किसी को स्तब्ध कर दिया है। वायुसेना ने घटना की जांच के आदेश दिये हैं। हादसे का शिकार हुए हेलीकॉप्टर को विंग कमांडर पृथ्वी सिंह उड़ा रहे थे। हेलीकॉप्टर सुलुर के आर्मी बेस से निकलने के बाद जनरल रावत को लेकर वेलिंगटन सैन्य ठिकाने की ओर बढ़ रहा था और सुलूर से करीब 94 किलोमीटर दूर हेलीकॉप्टर अचानक हादसे का शिकार हो गया। किसी भी वीवीआईपी दौरे में इसी हेलीकॉप्टर का उपयोग किया जाता है। हादसे के शिकार हुए हेलीकॉप्टर की तुलना चिनूक हेलीकॉप्टर से की जाती थी, जो डबल इंजन हेलीकॉप्टर था, जिससे इसके एक इंजन में खराबी आने पर दूसरे इंजन के सहारे सुरक्षित लैंडिंग कराई जा सके। एमआई–17वी5 हेलीकॉप्टर को भारतीय वायुसेना के सबसे सुरक्षित हेलीकॉप्टरों में एक माना जाता है, इसलिए इस प्रकार क्रैश होना बड़े सवाल करता है। दरअसल यह दुनिया के सबसे उन्नत परिवहन हेलीकॉप्टरों में से एक है, जिसे ट्रूप तथा आर्म्स ट्रांसपोर्ट, फायर सपोर्ट, काफिले एस्कॉर्ट, पेट्रोल और सर्च–एंड–रेस्क्यू मिशनों में भी तैनात किया जा सकता है। इसका अधिकतम टेकऑफ वजन 13 हजार किलोग्राम है और यह 36 सशस्त्र सैनिकों सहित आंतरिक रूप से 4500 किलोग्राम भार ले जा सकता है। यह हेलीकॉप्टर उष्णकटिबंधीय और समुद्री जलवायु के साथ–साथ रेगिस्तानी परिस्थितियों में भी उड़ान भरने की क्षमता रखता है। इसका केबिन काफी बड़ा है, जिसमें पोर्टसाइड दरवाजा है, जो पीछे की तरफ रैंप सैनिकों और कार्गो के आसानी के प्रवेश और निकास की अनुमति देता है। हेलीकॉप्टर एक विस्तारित स्टारबोर्ड स्लाइडिंग डोर, रैपलिंग और पैराशूट उपकरण, सर्चलाइट, एफएलआईआर सिस्टम जैसे कई आधुनिक प्रणालियों से सुसज्जित है। रक्षा मंत्रालय ने दिसम्बर 2008 में 80 एमआई–17 हेलीकॉप्टरों के लिए रूस के साथ 1.3 अरब डॉलर का सौदा किया था, जिनकी आपूर्ति भारतीय वायुसेना को 2011 में शुरू हुई थी और रूस द्वारा भारत को 2016 में आखिरी हेलीकॉप्टर सौंपा गया। कई आधुनिक तकनीकों के साथ निर्मित इस हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल सेना के कई महत्वपूर्ण अभियानों में हुआ है। 2008 के मुम्बई आतंकी हमले के दौरान कमांडो ऑपरेशन में भी इसका इस्तेमाल हुआ था, जब इसी हेलीकॉप्टर के जरिये कोलाबा में एनएसजी कमांडो को आतंकियों के खिलाफ उतारा गया था। 2016 में जम्मू–कश्मीर में सीमा पर पाकिस्तानी लांच पैड को तबाह करने के लिए भी एमआई–17वी5 का इस्तेमाल हुआ था। वैसे विगत पांच वर्षों में अब तक कुल छह बार ये हेलीकॉप्टर दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं। अरुणाचल प्रदेश के तवांग के पास 6 मई 2017 को एक एमआई–17 हेलीकॉप्टर उड़ान भरने के दौरान हादसे का शिकार हो गया था, जिसमें पांच जवानों के अलावा दो अन्य लोगों की मौत हो गई थी। उसके बाद उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में 3 अप्रैल 2018 को गुप्तकाशी से पुनर्निर्माण सामग्री लेकर आ रहा एम–आई–17 हेलीकॉप्टर हेलीपैड से मात्र 60 मीटर पहले ही हादसे का शिकार हो गया था, जिसमें सभी बाल–बाल बच गए थे। जम्मू–कश्मीर के बडगाम जिले में 27 फरवरी 2019 को वायुसेना का एमआई–17 लापरवाही के चलते अपनी ही मिसाइल का शिकार होकर क्रैश हो गया था, जिसमें वायुसेना के छह अधिकारियों सहित एक आम नागरिक की मौत हुई थी। केदारनाथ से गुप्तकाशी जाने के लिए उड़ान भरते समय 23 सितम्बर 2019 को भी एमआई–17 हो गया था और उस हादसे में पायलट सहित सभी छह लोग सुरक्षित बच गए थे। 18 नवम्बर 2021 को एमआई–17 हेलीकॉप्टर अरुणाचल प्रदेश में लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में भी पांचों क्रू सदस्य सुरक्षित बच गए थे लेकिन 8 दिसम्बर को हुए एमआई–17 हादसे में सीडीएस बिपिन रावत सहित बाकी लोग इतने खुशनसीब नहीं थे। हेलीकॉप्टर में सवार सीडीएस जनरल रावत अपनी पत्नी और कुछ वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों व कर्मियों के साथ वेलिंग्टन में 'डिफेंस सर्विसेज कॉलेज' जा रहे थे, जहां वे थल सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे के साथ बाद में एक कार्यक्रम में भाग लेने वाले थे। सीडीएस बिपिन रावत का असामयिक निधन न केवल सैन्य बलों के लिए बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने सीडीएस बनने के बाद सेना के तीनों अंगों के आधुनिकीकरण के लिए कई बड़े कदम उठाए थे। भारतीय सेना में उनकी चार दशक लंबी सेवा सदैव असाधारण बहादुरी से भरी रही और सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए वे हमेशा दो टूक लहजे में दुश्मन को चेताते रहते थे। दुश्मन देश की नापाक हरकतों पर उसे कड़े लहजे में चेतावनी देते हुए एक बार उन्होंने कहा था कि पहली गोली हमारी नहीं होगी लेकिन उसके बाद हम गोलियों की गिनती नहीं करेंगे। 16 मार्च 1958 को पौड़ी गढ़वाल के एक गांव में जन्मे बिपिन रावत के पिता लक्ष्मण सिंह रावत भी सैन्य अधिकारी थे, जो 1988 में लेफ्टिनेंट जनरल पद से रिटायर हुए थे। बिपिन रावत ने 1978 में सेना की 11वीं गोरखा राइफल्स की पांचवीं बटालियन से अपने सैन्य कैरियर की शुरूआत की थी और उसके बाद से उनका पूरा कैरियर उपलब्धियों से भरा रहा। 2011 में उन्होंने चौ. चरण सिंह यूनिवर्सिटी से मिलिट्री मीडिया स्टडीज में पीएचडी की डिग्री हासिल की थी। उन्हें उत्तम युद्ध सेवा मैडल, अति विशिष्ट सेवा मैडल, युद्ध सेवा मैडल, सेना मैडल, विदेश सेवा मैडल इत्यादि कई पदक मिले थे। उन्होंने 1999 में पाकिस्तान के साथ हुए करगिल युद्ध में हिस्सा लिया था। इसके अलावा उन्होंने कांगो में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन का नेतृत्व भी किया था और उस दौरान उन्होंने एक बहुराष्ट्रीय ब्रिगेड का भी नेतृत्व किया था। 1 सितम्बर 2016 को उन्हें उप–सेना प्रमुख बनाया गया और 31 दिसम्बर 2016 को उन्होंने भारतीय सेना की कमान संभाली थी। उन्होंने सैन्य सेवाओं के दौरान एलओसी, चीन बॉर्डर तथा नॉर्थ–ईस्ट में लंबा समय गुजारा। पूर्वी सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा, कश्मीर घाटी तथा पूर्वोत्तर सहित अशांत क्षेत्रों में काम करने का उनका लंबा और शानदार अनुभव था। 2016 में उरी में सेना के कैंप पर हुए आतंकी हमले के बाद बिपिन रावत के नेतृत्व में 29 सितम्बर 2016 को पाकिस्तान स्थित आतंकी शिविरों को ध्वस्त करने के लिए सर्जिकल स्ट्राइक की गई थी। उन्हें ऊंचाई पर जंग लड़ने (हाई माउंटेन वॉरफेयर) तथा काउंटर–इंसर्जेंसी ऑपरेशन अर्थात् जवाबी कार्रवाई के विशेषज्ञ के तौर पर जाना जाता था। सेना प्रमुख पद से रिटायरमेंट से एक दिन पहले ही 30 दिसम्बर 2019 को सरकार द्वारा उन्हें चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) बनाने की घोषणा की गई थी और 1 जनवरी 2020 को वे भारत के पहले सीडीएस बने थे। बतौर सीडीएस जनरल रावत पर तीनों सेनाओं में स्वदेशी साजो–सामान का उपयोग बढ़ाने का दायित्व था और वे सेना के तीनों अंगों के ऑपरेशन, प्रशिक्षण, ट्रांसपोर्ट, सपोर्ट सर्विसेस, संचार, रखरखाव, रसद पूर्ति तथा संयंत्रों में टूट–फूट संबंधी कार्य भी देख रहे थे। सीडीएस के रूप में उनकी नियुक्ति का मुख्य उद्देश्य युद्ध की चुनौतियों से निपटने के लिए तीनों सेनाओं में तालमेल को बढ़ाना था।

खेल प्रतिभाएं तराशने के लिए वैश्विक सम्मान

अरुण नैथानी

यह सवाल हर व्यक्ति को चौंकाता है कि यदि कोई खिलाड़ी डेढ़ दशक से अंतर्राष्ट्रीय खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहा हो तो उसे इस साल वर्ल्ड एथलेटिक्स की ओर से 'वुमन ऑफ द ईयर अवार्ड' कैसे मिल सकता है? जाहिर है उस खिलाड़ी ने कुछ ऐसा खास किया होगा, जिसको पूरी दुनिया ने नोटिस किया। बीते दिनों 44 साल की उम्र में मोहक व्यक्तित्व व खेल प्रतिभा की धनी अंजू बॉबी जॉर्ज को यह सम्मान मिला तो खेल–प्रेमियों में आश्चर्य मिश्रित खुशी देखी गई। निश्चित रूप से यह अंजू के ऋषिकर्म का ही प्रतिफल था कि उन्हें देश–विदेश में सक्रिय खेलों को अलविदा कहने के डेढ़ दशक बाद भी इतना प्यार और सम्मान मिल रहा है। दरअसल, आज वह लड़कियों के लिये प्रेरणापुंज बन गई हैं। वे न केवल खेलों के लिये प्रोत्साहित कर रही हैं, उन्हें प्रशिक्षित भी कर रही हैं बल्कि खेलों में लैंगिग समानता के लिये भी मुहिम की अग्रदूत हैं। यह किसी आश्चर्य से कम नहीं है कि एक किडनी होने और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के बावजूद अंजू ने विश्वस्तरीय स्पर्धाओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया और पदक भी जीते। दरअसल, अंजू बॉबी जॉर्ज लॉन्ग जंप की खिलाड़ी हैं और वे विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिये पदक जीतने वाली इकलौती खिलाड़ी हैं। उन्होंने वर्ष 2003 में पेरिस में आयोजित हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में यह कामयाबी हासिल की थी। दरअसल, अंजू को 'वुमन ऑफ द ईयर खिताब' मिलने में लैंगिक समानता के लिये उनकी मुहिम का भी बड़ा योगदान है। उन्होंने देश में महिला खिलाड़ियों के लिये खेल का वातावरण तैयार करने और उन्हें खेलों में भाग लेने के लिये प्रेरित किया। वर्तमान में इंडियन एथलेटिक्स फेडरेशन की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अंजू ने स्कूल में खेल प्रतिभाओं को तलाशने और उन्हें निखारने का काम किया। अंजू ने वर्ष 2016 में लड़कियों के लिये एक ट्रेनिंग अकादमी खोली, जिसके जरिये अंडर–20 पदक विजेताओं को तैयार किया। उनकी मेहनत का ही फल है कि उनकी अकादमी ने देश को पहले ही विश्व अंडर–20 का पदक विजेता दे दिया। दरअसल, एक किडनी होने और उसके चलते होने वाली शारीरिक दिक्कतों के बावजूद अंजू का खेल करिअर चमकदार रहा। उन्होंने पेरिस में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप 2003 में कांस्य, वर्ल्ड एथलेटिक्स 2005 में स्वर्ण पदक जीता और वर्ष 2004 के ओलंपिक में पांचवें स्थान पर रहीं। अब वर्षों से वह खेल प्रतिभाओं को निखारने का काम कर रही हैं। सम्मान मिलने पर उनकी प्रतिक्रिया थी कि हर रोज जागने और खेल को बढ़ावा देने से बेहतर कोई अहसास नहीं है, जिससे युवा लड़कियों को सक्षम और सशक्त बनाया जा सके। दरअसल, अंजू बॉबी जार्ज के लिये खेल की दुनिया में संघर्ष भी कम नहीं था, लेकिन वह मुश्किलों में डटी रहीं और कभी हार नहीं मानी। उनके पास एक ही किडनी थी और खेलों के लिये उन्हें अतिरिक्त ऊर्जा जुटानी थी। उन्हें दवाओं से एलर्जी थी। इतना ही नहीं, दौड़ के दौरान उनके एक पैर में दर्द रहा करता था। एक बार पैर के टखने की चोट की वजह से उन्हें कई वैश्विक स्पर्धाओं से नाम वापस लेना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने हार न मानते हुए विश्व खेलों के मानचित्र में अपना नाम दर्ज कराया। वह 2003 में पेरिस की कामयाबी के अलावा 2005 के वर्ल्ड एथलेटिक्स में स्वर्ण, 2002 बुसान एशियाड में स्वर्ण, 2006 के दोहा एशियाई खेलों में रजत, 2005 एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण तथा 2007 की एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक तथा 2006 के साउथ एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने में कामयाब रहीं। आज तमाम महिला एथलीट उनके पथ का अनुसरण करते हुए देश का नाम रोशन कर रही हैं। केरल के कोट्टायम जनपद के चंगनाशेरी कस्बे में 19 अप्रैल, 1977 को जन्मी अंजू को उनके पिता के.टी. मार्कोस व मां ग्रेसी ने उसके प्रतिभाशाली छात्रा होने के बावजूद खेलों के लिये प्रोत्साहित किया। अंजू का सौभाग्य था कि खेलों के लिये प्रोत्साहित करने वाले माता–पिता के अलावा खेलों के अनुकूल अच्छा स्कूल व प्रेरित करने वाले खेल शिक्षक मिले। तब भी केरल में खेल प्रतिभाओं को संवारने के लिये संसाधन व अनुकूल वातावरण मौजूद था। उन दिनों केरल की ही फर्राटा धाविका पी.टी. ऊषा की कामयाबी लड़कियों को खेल की दुनिया में आने के लिये प्रेरित करती थी। शुरुआत में अंजू ने सौ मीटर की बाधा दौड़, ऊंची कूद व लंबी कूद में अपनी किस्मत आजमाई। लेकिन कालांतर में लंबी कूद ही उनका पसंदीदा खेल बना। स्कूल एथलेटिक्स प्रतिस्पर्धा से शुरू हुआ उनके खेल का सफर जूनियर एशियन चैंपियनशिप से होता हुआ एशियाई खेलों, विश्व चैंपियनशिप तथा ओलंपिक तक जा पहुंचा। इसी बीच खेलों की दुनिया में एथलीट व मॉडल बॉबी जार्ज, अंजू के जीवन में सपनों के राजुकमार के रूप में आये। उन्होंने अंजू की प्रतिभा को निखारा और मुश्किल वक्त में उनका हौसला बढ़ाया। दोनों जीवनभर के रिश्ते में बंध गये। बॉबी ने उस वक्त अंजू को संबल व ट्रेनिंग दी जब टखने की चोट की वजह से अंजू का खेल करिअर समाप्ति की कगार पर था। तब अंजू सिडनी ओलंपिक के अलावा दो वर्ष तक किसी विश्व खेल स्पर्धा में भाग नहीं ले सकी थीं। बहरहाल, एक किडनी के साथ डेढ़ दशक तक खेलों में दमखम दिखाने वाली अंजू आज भी खेलों में किस्मत आजमाने वाली लाखों लड़कियों के लिये प्रेरणापुंज बनी हुई हैं।

आज के कार्टून


डोंटवरी! उन्हें लाल जैकेट से कोई गुरेज नहीं है...
लाल टोपी वाले खतरे की घंटी हैं! –पीएम

एकता-समता

श्रीराम शर्मा आचार्य

राष्ट्रीय एकता का वास्तविक तात्पर्य है–मानवीय एकता। मनुष्य की एक जाति है। उसे किन्हीं कारणों से विखिण्डत नहीं होना चाहिए। भाषा, क्षेत्र, संप्रदाय, जाति, लिंग, धन, पद आदि के कारण किसी को विशिष्ट एवं किसी को निकृष्ट नहीं माना जाना चाहिए। सभी को समाज में उचित स्थान और सम्मान मिलना चाहिए। उपरोक्त कारणों में से किसी को भी यह अधिकार नहीं मिलना चाहिए कि अपने को बड़प्पन के अहंकार से भरे और दूसरे को हेय समझे। कई प्रान्तों में संप्रदाय विशेष के सदस्य होने के कारण अथवा पृथक भाषा–भाषी होने के कारण अपने वर्ग–वर्ण को पृथक मानने और राष्ट्रीय धारा से कटकर अपनी विशेष पहचान बनाने की प्रवृत्ति चल पड़ी है। इसे शांत करने के लिए वैसे ही प्रयत्न किए जाने चाहिए, जैसे अग्निकाण्ड आरम्भ होने पर उसके फैलने से पूर्व ही किए जाते हैं। समता और एकता के उद्यान उजाड़ डालने की छूट किसी को भी नहीं मिलनी चाहिए। द्वेष को प्रेम से जीता जाता है। विग्रह को तर्क, तथ्य, प्रमाण प्रस्तुत करते हुए विवेकपूर्वक शांत किया जाता है। इसलिए दुर्भाव और विग्रहों के पनपते ही उनके शमन समाधान का प्रयत्न करना चाहिए। यह सामयिक उभार है, जो देश का बुरा चाहने वालों को दुरभिसंधि के कारण उठ खड़े हुए हैं। यह विषवेलि पानी न मिलने पर समयानुसार सूख जाएगी। पर कुछ व्याधियां ऐसी हैं, जो चिरकाल से चली आने के कारण प्रथा परिपाटी बन गई हैं और उनके कारण देश की क्षमता और एकता दुर्बल होती चली आई है। समय आ गया है कि उन भूलों को अब समय रहते सुधार लिया जाए। जब सभी मनुष्यों की संरचना, रक्त–मांस की बनावट एक जैसी है, तो उनमें से किसे ऊंचा, किसे नीचा कहा जा सकता है? ऊंच–नीच तो सत्कर्म और कुकर्म के कारण बनते हैं। उसका जाति–वंश से कोई संबंध नहीं। धर्म एक है। संप्रदायों का प्रचलन तो समय और क्षेत्रों की आवश्यकता के अनुरूप हुआ है। उनमें से जो जिसे भावे, वह उसे अपनावे। खाने–पहनने संबंध विभिन्न रुचि को जब सहन किया जाता है, तो भिन्न देवताओं की पूजा, भिन्न परम्पराओं का अपनाया जाना किसी को क्यों बुरा लगना चाहिए?

सू-दोकू नवताल -1986

6					7			
		8	2				7	5
	4			3				6
	7	1			2		5	
8				4				3
	2		8			9	6	
2				8			3	
4	3				9	8		
			3					9

सू-दोकू -1985 का हल

7	4	6	9	1	5	8	3	2
1	5	2	8	3	7	4	6	9
9	3	8	2	6	4	7	1	5
8	6	4	7	9	1	5	2	3
5	2	7	3	4	6	9	8	1
3	9	1	5	8	2	6	7	4
2	7	9	1	5	8	3	4	6
6	1	5	4	7	3	2	9	8
4	8	3	6	2	9	1	5	7

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।
आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 X 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।

फिल्म वर्ग पहेली- 1986

1		2		■	3	■	4		5
	■		■	6				■	
■	7		8		■	■	9	10	
11		■		■	12		■		■
■	13	14	■	15		■	16	■	17
18	■	19		■	20	21		■	
22			■	23	■		■	24	
	■	25			■	26	27	■	
28	29		■	■	30	■		■	
■		■	31						■

बायें से दायें:-

1. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की फिल्म–4
4. बी.आर. चोपड़ा की फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी–3
6. अशोककुमार, संजीवकुमार, सुमिता सान्याल की फिल्म–4
7. फिल्म 'चाँद का टुकड़ा' में श्रीदेवी के साथ नायक कौन था–4
9. अयूब खान, आयशा जुल्का की 'ओ सरफि री ओ' गीत वाली फिल्म–3
11. 'अंख लड़ती है तो लड़ने दे' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा रवीना की फिल्म–2
12. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म–2
13. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म–2
15. जॉन अब्राहम, उदिता गोस्वामी की 'अपनी चाहतों पे' गीत वाली फिल्म–2
19. 'एरी रे एरी क्या है पहेली' गीत वाली ऋतिक, जैकी, करीना की फिल्म–2
20. अक्षय, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख के' गीत वाली फिल्म–3
22. फिल्म 'पूरब और पश्चिम' का निर्माता निर्देशक, नायक कौन था–3
24. सुनीलदत्त, वहीदा, आशा पारेख की 'इतना ना मुझसे तू प्यार बढ़ा' गीत वाली फिल्म–2
25. 'चप्पा चप्पा चरखा' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म–3
26. 'मिलती है जिंदगी में' गीत वाली फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी–2
28. फिल्म 'राजाजी' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी–3
31. अमिताभ, शशि, स्मिता की 'आज रपट जायें तो' गीत वाली फिल्म–3,3

ऊपर से नीचे:-

1. संजयदत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म–2
2. बॉबी देओल, रानी की 'मिलने से डरता है दिल' गीत वाली फिल्म–3
3. 'गुड मार्निंग इंडिया' गीत वाली फिल्म–2
4. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले गला ले' गीत वाली फिल्म–3
5. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म–3
6. 'दिल में छुपा के प्यार का' गीतवाली फिल्म–2
7. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म–3
8. देव आनंद, माला सिन्हा की 'जारे जारे उड़ जारे पंछी' गीत वाली फिल्म–2
10. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म–2
12. अजय, मास्टर सत्यजीत, अलका की 'एक तेरा साथ हमको' गीत वाली फिल्म–3
14. 'चोरों को सारे नजर' गीत वाली फिल्म–2,3
16. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की 'ये सर्द आहें मेरी' गीत वाली फिल्म–2
17. 'आज उनसे पहली मुलाकात होगी' गीत वाली राकेश रोशन, हेमा की फिल्म–3,2
18. राकेश रोशन, जयाप्रदा की 'तुम संग प्रीत लगाई सजना' गीत वाली फिल्म–4
21. 'तुम्हे जिंदगी के उजाले मुबारक' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीना कुमारी की फिल्म–3
23. प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म–2
27. 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म–3
29. 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम?–2
30. अमिताभ वाली संजय लीला की फिल्म जिसमें रानी मुखर्जी मूक–बधिर बनी है–2

फिल्म वर्ग पहेली- 1985

ह	ल	च	ल	■	जी	व	न	मृ	त्यु
व	■	मे	■	भू	त	■	■	त्यु	■
स	हे	ली	■	मि	■	खा	न	दा	न
■	रा	■	शि	का	र	■	सी	ता	■
धू	म	■	वा	■	क्ष	■	ब	■	बे
प	■	खे	■	ता	क	त	■	■	ता
■	गो	ल	मा	ल	■	ला	ट	सा	ब
पा	पी	■	शू	■	जो	श	■	या	■
की	■	शं	क	रा	■	■	घा	■	स्व
जा	नू	■	■	ज	मा	न	त	■	र्ग

विश्व बैंक समूह ने रामकी एवनिरो इंजीनियर्स पर 20 महीने का प्रतिबंध लगाया

हैदराबाद :

विश्व बैंक समूह ने अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण सेवा कंपनी रामकी एनविरो इंजीनियर्स लि. (आरईईएल) पर 20 महीने के प्रतिबंध की घोषणा की है। प्रतिबंध भारत में औद्योगिक प्रदूषण प्रबंधन परियोजना के लिए क्षमता निर्माण के तहत ÷काम में धोखाधड़ी के तरीके÷ के सिलसिले में लगाया गया है। विश्व बैंक ने आठ दिसंबर को जारी एक बयान में कहा कि प्रतिबंध के साथ हैदराबाद की कंपनी और उसके प्रबंध निदेशक एम गौतम रेड्डी, विश्व बैंक समूह द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं और संचालन में हिस्सा लेने के पात्र नहीं होंगे। हालांकि, रेड्डी इस विषय पर टिप्पणी के लिए तत्काल उपलब्ध नहीं थे। विश्व बैंक के मुताबिक कंपनी और रेड्डी ने 2014 में आंध्र प्रदेश के उक्कय्यपल्ली में एक नगरपालिका ठोस अपशिष्ट डंपसाइट को बंद करने और उसके नियंत्रण पर अनुबंध के लिए बोली लगाते समय एक उपठेकेदार का खुलासा नहीं किया था और विश्व बैंक को इस उपठेकेदारी व्यवस्था के होने के संबंध में गलत जानकारी दी थी।

रिजर्व बैंक ने LIC को इंडसइंड बैंक में करीब 10% तक हिस्सेदारी बढ़ाने की मंजूरी दी

नई दिल्ली :

रिजर्व बैंक ने जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को इंडसइंड बैंक में करीब 10 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। निजी क्षेत्र के बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इंडसइंड बैंक ने शेयर बाजारों को दी नियामकीय सूचना में कहा कि उसे नौ दिसंबर, 2021 को भारतीय रिजर्व बैंक से सूचना मिली कि उसने बैंक के शेयरधारक एलआईसी को कुल जारी और चुकता पूंजी का 9.99 प्रतिशत तक हासिल करने की मंजूरी दे दी है। सरकारी बीमा कंपनी के पास इस समय बैंक की कुल जारी और चुकता पूंजी का 4.95 प्रतिशत हिस्सा है। केंद्रीय बैंक की मंजूरी 'शेयरों के अधिग्रहण और निजी क्षेत्र के बैंकों के वोटिंग के लिए पूर्व मंजूरी' के साथ-साथ सेबी के नियमों, और सभी दिशा-निर्देशों या विनियमों के अनुपालन के अधीन है।

स्टार हेल्थ के शेयर छूट के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली ।

स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड शेयर बाजार में शुक्रवार को छूट के साथ सूचीबद्ध हुई और उसके शेयर में छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में 900 रुपए की कीमत पर बेचे गए कंपनी के शेयर बीएसई पर 848.80 रुपए पर खुले, जो 5.69 प्रतिशत की गिरावट को दर्शाता है। स्टार हेल्थ एक प्रमुख निजी स्वास्थ्य बीमा कंपनी है जिस पर वेस्टब्रिज कैपिटल और राकेश झुनझुनवाला जैसे निवेशकों के एक समूह का मालिकाना हक है। दो दिसंबर को बंद हुए आईपीओ के आखिरी दिन इसे 79 प्रतिशत अभिदान मिला था। आईपीओ में 2,000 करोड़ रुपए तक के नये शेयर और बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल थी और मूल्य दायरा 870-900 रुपए प्रति शेयर था।

STAR Health Insurance
Personal & Caring
The Health Insurance Specialist
Star Health Insurance

क्रिप्टोकरेंसी को मंजूरी देने से रिजर्व बैंक को होगा बड़ा नुकसान: डी सुब्बाराव

(एजेंसी) :

भारत में क्रिप्टोकरेंसी को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है और जल्द ही चालू शीतकालीन सत्र में इसे लेकर बिल पेश किया जा सकता है। इस बीच भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर ने क्रिप्टोकरेंसी को लेकर अपनी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि क्रिप्टोकरेंसी को मंजूरी देने से केंद्रीय बैंक को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

धन आपूर्ति पर नियंत्रण नहीं रहेगा

आरबीआई के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने डिजिटल करेंसी पर बात करते हुए अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि भारत में क्रिप्टोकरेंसी को मंजूरी दिए जाने पर केंद्रीय बैंक धन आपूर्ति और मुद्रास्फीति प्रबंधन पर नियंत्रण खो सकता है। क्योंकि, क्रिप्टो एल्गोरिदम की मदद से चलता है। सुब्बाराव एक वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि भारत में केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) जारी करने का मामला शायद मजबूत ना हो क्योंकि इसमें पूंजी नियंत्रण का पहलू शामिल है। 2008 से 2013 तक आरबीआई गवर्नर रहे सुब्बाराव ने कहा कि सीबीडीसी को भी मजबूत डाटा संरक्षण कानूनों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कानूनी ढांचे की कमी के चलते केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) को सही तरह से मैनेज करने में मुश्किलें हो सकती थी। मुझे उम्मीद है आरबीआई द्वारा लागू की जाने वाली डिजिटल करेंसी को इस कानून से लाभ मिलेगा। हमें यह समझना है कि मजबूत डाटा सुरक्षा ढांचे की अनुपस्थिति इससे पहले भी देश में कई अन्य पहलुओं में चिंता का विषय रही है।

ल्यूपिन ने अपनी डायग्नोस्टिक इकाई शुरू करने की घोषणा की

नयी दिल्ली (एजेंसी) .

घरेलू दवा कंपनी ल्यूपिन लिमिटेड ने भारत में एकीकृत स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने की रणनीति के तहत अपनी डायग्नोस्टिक (नैदानिक) इकाई शुरू करने की घोषणा की। ल्यूपिन ने शुक्रवार को एक नियामकीय सूचना में कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी ल्यूपिन डायग्नोस्टिक्स ने देश में औपचारिक रूप से परिचालन शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा कि उसने नवी मुंबई में 45,000 वर्ग फुट की राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला स्थापित की है। प्रयोगशाला की मुख्य सुविधाओं में सभी प्रमुख नैदानिक सेवाएं, रोकथाम संबंधी स्वास्थ्य जांच और अलग-अलग तरह की अनेक जांच शामिल हैं।

रिलायंस जियो को सीडीपी 2021 में मिली सबसे ऊंची रेटिंग

नई दिल्ली: देश की सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी रिलायंस जियो को सीडीपी की 2021 वैश्विक रेटिंग में सबसे ऊंची रेटिंग मिली है। गैर-लाभकारी संस्था सीडीपी पर्यावरणीय प्रभावों से निपटने के तरीकों को लेकर कंपनियों की रेटिंग करती है। इसमें जियो को 'ए-' रेटिंग मिली है जो कि सीडीपी की सर्वोच्च रेटिंग है। जियो सीडीपी के वैश्विक पर्यावरण प्रभाव पर अग्रणी रेटिंग हासिल करने वाली भारत की इकलौती दूरसंचार एवं डिजिटल सेवा कंपनी है। सीडीपी ने अपने एक बयान में कहा, 'करीब 12 लाख करोड़ डॉलर का बाजार पूंजीकरण रखने वाली दुनिया की 272 कंपनियों को पर्यावरण की दिशा में उनकी अग्रणी भूमिका के लिए रेखांकित किया गया है।' रिलायंस जियो भारत की कुछ गिनी-चुनी कंपनियों में शामिल हो गई है जिन्हें सीडीपी की तरफ से ए या ए- की रेटिंग मिली है। जियो की प्रतिद्वंद्वी कंपनी भारती एयरटेल को इसमें सी रेटिंग मिली है। सीडीपी लंदन स्थित एक वैश्विक गैर-लाभकारी संस्था है जो कंपनियों, शहरों, राज्यों एवं क्षेत्रों के लिए पर्यावरणीय खुलासा प्रणाली का संचालन करता है।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली गिरावट

मुंबई (एजेंसी)।

BSE Fastest Exchange in the world with a

कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच एचडीएफसी लि., एचडीएफसी बैंक,इंफोसिस और कोटक बैंक में गिरावट के साथ बाजार नीचे आ गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 20.46 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,786.67 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 5.55 अंक यानी 0.03 प्रतिशत फिसलकर 17,511.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ सर्वाधिक नुकसान में टाइटन रही। इसके अलावा एचडीएफसी, एक्सिस बैंक, कोटक बैंक और टेक महिंद्रा भी नुकसान में रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस और बजाज फिनसर्व रहे हैं।बाजार जानकार ने कहा कि कोरोना के नए स्वरूप ओमीक्रोन को लेकर चिंता कम होने से घरेलू शेयर बाजारों में इस सप्ताह कुल मिलाकर तेजी दिखाई दी। इस सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने करीब 1.7 प्रतिशत का लाभ दिया। बीएसई मिड कैप और बीएसई स्मॉल कैप (मझोली और छोटी कंपनियों का सूचकांक) का प्रदर्शन बड़ी कंपनियों के सूचकांकों के मुकाबले बेहतर रहा। इनमें 2 से 3 प्रतिशत के बीच तेजी रही। ज्यादातर खंडवार सूचकांक सकारात्मक दायरे में रहें। उन्होंने कहा, अल्पकाल में बाजार की अमेरिकी फेडरल रिजर्व की होने वाली बैठक में बांड खरीद कार्यक्रम में कमी लाने और प्रमुख नीतिगत दरों को लेकर रुख पर नजर होगी।'' एशिया के अन्य बाजारों में चीन में शंघाई कंपोजिट सूचकांक, जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहें। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.39 प्रतिशत बढ़कर 74.71 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया।

अगले साल विंडोज पीसी में एंड्रॉइड गेम्स लाएगा गूगल : रिपोर्ट

सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)।

टेक दिग्गज गूगल कथित तौर पर अगले साल विंडोज पीसी पर एंड्रॉइड गेम्स लाने की योजना बना रहा है। द वर्ज के अनुसार, गूगल प्ले गेम्स ऐप 2022 में उपलब्ध होगा, जिसे गूगल द्वारा विंडोज लैपटॉप, टैबलेट और पीसी पर गूगल प्ले से गेम चलाने की अनुमति देने के लिए बनाया गया है। एंड्रॉइड और गूगल प्ले पर गेम के गूगल के उत्पाद निदेशक वेबसाइट ग्रेग हार्टरेल के हवाले से कहा गया है, 2022 से शुरू होकर, खिलाड़ी अपने पसंदीदा गूगल प्ले गेम्स को अधिक उपकरणों पर जैसे एक फोन, टैबलेट, क्रोमबुक और जल्द ही विंडोज पीसी के बीच स्विच करने पर अनुभव करने में सक्षम होंगे। हार्टरेल ने कहा, हम खिलाड़ियों के लिए अपने पसंदीदा एंड्रॉइड गेम्स का और भी अधिक आनंद लेने के लिए अपने प्लेटफॉर्म का विस्तार करने के लिए रोमांचित हैं। गूगल के प्रवक्ता एलेक्स गार्सिया-कुम्मर्ट ने द वर्ज को बताया कि कंपनी ने इस ऐप को अपने दम पर बनाया है, जिसका मतलब है कि गूगल ने यहां माइक्रोसॉफ्ट, ब्लूस्टैक्स या अन्य के साथ भागीदारी नहीं की है। आगामी ऐप खिलाड़ियों को उन्हें फोन, टैबलेट या क्रॉमबुक पर चलाने के बाद डेस्कटॉप पीसी पर गेम फिर से शुरू करने की भी अनुमति देगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि अभी के लिए, गूगल आज रात द गेम अवार्डस के दौरान ऐप को छेड़ रहा है, जिसमें अगले साल कुछ समय की रिलीज विंडो का वादा किया गया है। यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि गूगल विंडोज पर एंड्रॉइड ऐप्स का अनुकरण करने के लिए किस तकनीक का उपयोग कर रहा है, लेकिन क्लाउड से स्ट्रीमिंग के बजाय गेम स्थानीय रूप से चलेंगे। हार्टरेल ने कहा, यह गूगल द्वारा वितरित एक मूल विंडोज ऐप होगा, जो विंडोज 10 और उससे ऊपर के वर्जन को सपोर्ट करेगा। हार्टरेल ने कहा, इसमें गेम स्ट्रीमिंग शामिल नहीं होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, गूगल का ऐप विंडोज 11 के साथ किसी खास इंटीग्रेशन पर निर्भर नहीं होगा और कंपनी ऐप को खुद डिस्ट्रीब्यूट भी करेगी। गूगल की घोषणा माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विंडोज 11 पीसी पर एंड्रॉइड ऐप का परीक्षण शुरू करने के महीनों बाद हुई है।

ओला आईपीओ के पहले एक अरब डॉलर जुटाएगी

नई दिल्ली ।

कैब सेवा देने वाली कंपनी ओला अगले कुछ महीनों में इक्विटी और कर्जों के जरिये एक अरब डॉलर से अधिक कोष जुटाने की कोशिश में है। जानकारी के मुताबिक ओला अगले साल आने वाले अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के पहले एक अरब डॉलर जुटाने के लिए बातचीत कर रही है। इसके लिए वह इक्विटी एवं कर्ज जैसे तरीके अपना सकती है। इसमें उसका मूल्यांकन 7.5 अरब डॉलर आंके जाने की संभावना है। ओला ने हाल ही में एडेलवाइज एवं अन्य से 1,049 करोड़ रुपए जुटाए हैं। उसका मूल्यांकन सात अरब डॉलर से अधिक आंका गया था। वित्त जुटाने की नई पहल को कई चरणों में अंजाम दिया जाएगा। हालांकि ओला ने इस बारे में अभी कोई जवाब नहीं दिया है।

एलन मस्क ने फिर बेचे टेस्ला के शेयर, एक दिन में गंवाए 1,20,959 करोड़ रुपए

(एजेंसी) :

टेस्ला के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर एलन मस्क की नेटवर्थ में गुरुवार को 16 अरब डॉलर यानी करीब 1,20,959 करोड़ रुपए की गिरावट आई। इसकी वजह रही टेस्ला के शेयरों में गिरावट। दुनिया की सबसे मूल्यवान ऑटो कंपनी टेस्ला के शेयरों में गुरुवार को 6.1 फीसदी की गिरावट आई। **Bloomberg Billionaires Inde&** के मुताबिक मस्क की नेटवर्थ अब 266 अरब डॉलर रह गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 110 अरब डॉलर की तेजी आई है। मस्क टेस्ला में लगातार अपनी हिस्सेदारी कम कर रहे हैं।

गुरुवार को उन्होंने कंपनी के 934,091 शेयर 96.3 करोड़ डॉलर में बेच दिए। 10 फीसदी हिस्सेदारी बेचने का टारगेट पाने के लिए उन्हें अभी और 60 लाख शेयर बेचने होंगे। उन्होंने 4 नवंबर को कंपनी के शेयरों को बेचने की शुरुआत की थी और तबसे कंपनी के शेयर में 18 फीसदी गिरावट आ चुकी है। मस्क ने कंपनी में अपने शेयरों को बेचने के लिए ट्विटर पर अपने फॉलोअर्स से राय मांगी थी। तबसे वह 1.1 करोड़ शेयर बेच चुके हैं।

मुकेश अंबानी 12वें नंबर पर

इस बीच एशिया और भारत के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में गुरुवार को 1.17 अरब डॉलर की तेजी आई। **Bloomberg Billionaires Inde&** के मुताबिक उनकी नेटवर्थ अब 91.9 अरब डॉलर पहुंच गई है। वह दुनिया के अमीरों की सूची में 12वें स्थान पर बने हुए हैं। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन की नेटवर्थ इस साल 15.2 अरब डॉलर बढ़ी है।

गौतम अडानी की नेटवर्थ बढ़ी

अडानी ग्रुप (**Adani Group**) के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में गुरुवार को 33.9 करोड़ डॉलर की तेजी आई। वह 78.5 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की सूची में 13वें नंबर पर हैं। इस साल अडानी की नेटवर्थ 44.7 अरब डॉलर बढ़ी हैं। वह अंबानी के बाद भारत और एशिया के दूसरे सबसे बड़े रईस हैं।

अमेजन पर लगा 9750 करोड़ रुपए का जुर्माना

(एजेंसी) :

ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन पर इटली में 1.13 अरब डॉलर (करीब 9750 करोड़ रुपए) का जुर्माना लगा है। कंपनी पर यूरोप में अपने बाजार प्रभुत्व का दुरुपयोग कर छोटे विक्रेताओं या प्रतिद्वंदियों को दबाने का आरोप है। जुर्माना इटली की एंटीट्रस्ट रेगुलेटरी अथॉरिटी ने लगाया है। अथॉरिटी ने गुरुवार को कहा कि छोटे प्रतिस्पर्धियों को परेशान करने के लिए अमेजन ने थर्ड पार्टी सेलर्स को लाभ पहुंचाया। उन्हें अपनी लॉजिस्टिक सेवाओं और डिलीवरी सिस्टम का उपयोग करने दिया, ताकि वे प्रतिद्वंद्वियों के प्रॉडक्ट की बिक्री और डिलीवरी को प्रभावित करें। इटली में यह अथॉरिटी किसी भी कंपनी पर उसके कुल राजस्व का 10त्र तक जुर्माना लगा सकती है। अमेजन ने हाई कोर्ट में अपील करने की बात कही है। इटली में अथॉरिटी के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देने की कानूनी व्यवस्था है। कोर्ट जुर्माने की राशि को कम या ज्यादा करने पर फैसला ले सकती है। रेगुलेटरी अथॉरिटी ने दो साल तक चली जांच में पाया कि सााल 2019 में अमेजन का ऑनलाइन बाजार में मार्केट शेयर उसके करीबी प्रतिद्वंद्वियों से 5 गुना ज्यादा था, जो पिछले चार साल से लगातार बढ़ रहा था। इटली में 2019 में थर्ड पार्टी सेलर्स की ऑनलाइन जितनी भी प्रॉडक्ट बिक्री हुई थी, उसमें 70 फीसदी सिर्फ अमेजन पर हुई थी।

अगले वित्त वर्ष में 9प्रतिशत रह सकती है भारत की आर्थिक वृद्धि दर: क्रेडिट सुइस

मुंबई (एजेंसी) :

स्विटजरलैंड की ब्रोकरेज फर्म क्रेडिट सुइस ने उम्मीद जतायी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में गतिविधियां आश्चर्यजनक रूप से सकारात्मक रहेंगी और अगले वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 9 प्रतिशत रहने की संभावना है। ब्रोकरेज कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर लगभग 10.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। यह विभिन्न एजेंसियों के जताए गए औसतन अनुमान 8.4-9.5 प्रतिशत से ज्यादा है। क्रेडिट सुइस ने कहा कि कंपनी की नीति के अनुरूप वह वास्तविक आर्थिक वृद्धि का अनुमान नहीं जताती है। हालांकि उपलब्ध आंकड़ों और अनुमानों के सांख्यिकी विश्लेषण के आधार पर 2022-23 में भारत की वृद्धि दर 9 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। क्रेडिट सुइस के एशिया प्रशांत के लिए इक्विटी रणनीति मामलों के सह-प्रमुख और भारत इक्विटी रणनीतिकार नीलकंठ मिश्रा ने कहा कि उन्हें जीडीपी पूर्वानुमान में वृद्धि की उम्मीद है क्योंकि आर्थिक पुनरुद्धार की गति ने आश्चर्यचकित किया है। उन्होंने कहा, ''अर्थव्यवस्था में सकारात्मक गतिविधियां जारी रहने की उम्मीद है। भले ही पुनरुद्धार अब तक व्यापक नहीं हो लेकिन अगले तीन-छह महीनों में कम आय वाली अधिकतर नौकरियों की स्थिति भी ठीक होने की पूरी संभावना है।

सेमीकंडक्टर की कमी से नवंबर में यात्री वाहनों की बिक्री 19% घटी: सियाम

नई दिल्ली (एजेंसी) :

वाहन उद्योग के संगठन सियाम ने शुक्रवार को कहा कि देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री में नवंबर में 19 प्रतिशत की गिरावट आई है क्योंकि सेमीकंडक्टर की कमी से वाहन उत्पादन और डीलर भागीदारों को वाहनों की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। पिछले महीने यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री 2,15,626 इकाई थी, जो नवंबर 2020 की 2,64,898 इकाई से 19 प्रतिशत कम है। इसी तरह, दोपहिया वाहनों की कुल थोक बिक्री पिछले महीने 34 प्रतिशत घटकर 10,50,616 इकाई रह गयी जो एक साल पहले इसी अवधि में 16,00,379 इकाई थी। नवंबर 2021 में तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री 22,471 इकाई रही, जो एक साल पहले इसी महीने की 24,071 इकाई से सात प्रतिशत कम है। पिछले महीने सभी श्रेणियों में वाहनों की कुल बिक्री एक साल पहले की समान अवधि की 18,89,348 इकाई से घटकर 12,88,759 इकाई रह गई। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के महानिदेशक राजेश मेनन ने एक बयान में कहा, ''दुनिया भर में सेमीकंडक्टर की कमी के कारण उद्योग को प्रतिकूल स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

त्योहारी सीजन में, उद्योग अपने नुकसान की भरपाई करने की उम्मीद कर रहा था लेकिन नवंबर 2021 के महीने में यात्री वाहनों की बिक्री सात साल में सबसे कम थी, दोपहिया वाहनों की बिक्री 11 साल में सबसे कम और तिपहिया वाहनों की बिक्री 19 साल में सबसे कम थी।''

एक दिन कोहली का विकेट लेना पसंद करूंगा : हसरंगा

कोलंबो। जाफना किंग्स के लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा को यकीन है कि एक दिन वह अपने पसंदीदा बल्लेबाज विराट कोहली का विकेट लेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं बाबर आजम और ग्लेन मैक्सवेल का भी विकेट लेना चाहता हूं। हसरंगा आईसीसी टी20 विश्व कप 2021 में आठ मैचों में 16 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज थे। लेकिन इसके बावजूद श्रीलंका ग्रुप राउंड से ही बाहर हो गया। अपनी सफलता के कारणों के बारे में पूछे जाने पर हसरंगा ने कहा कि वह हमेशा अपनी टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, जब मैं गेंदबाजी कर रहा होता हूं तो हमेशा विकेट लेने के साथ टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश करता हूं। इसलिए मैं सफल होता हूं।हसरंगा की तुलना श्रीलंका के पूर्व दिग्गज मुरलीधरन और रंगना हेराथ से की जा रही है। उन्होंने आगे कहा, मैं हमेशा प्रदर्शन करने के बारे में सोचता हूं। मुझे कोई दबाव महसूस नहीं होता। मैं अगला मुरलीधरन या अगला हेराथ नहीं बनना चाहता। मैं पहला हसरंगा बनना चाहता हूं।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम ढाका रवाना

भुवनेश्वर ।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम आगामी 14 दिसंबर से शुरू होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए शुक्रवार को ढाका के लिए रवाना हो गई। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता एवं गत चैंपियन भारत इस सिंगल पूल टूर्नामेंट के पहले दिन कोरिया के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद 15 दिसंबर को वह मेजबान बंगलादेश से भिड़ेगा। भारत फिर 17, 18 और 19 दिसंबर को क्रमश~ चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, मलेशिया और जापान से भिड़ेगा। टोक्यो ओलंपिक में अपने ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद भारत का यह पहला दौरा होगा। भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह ने टूर्नामेंट से पहले टीम के उत्साह के बारे में बताते हुए कहा, 'टोक्यो ओलंपिक के बाद यह हमारी पहली यात्रा है, इसलिए स्वाभाविक रूप से खिलाड़ियों में काफी उत्साह है। हमने भुवनेश्वर में एक अच्छा प्रशिक्षण शिविर लगाया है और चूंकि यहां का मौसम ढाका की तरह है, इसलिए मुझे लगता है कि हमें ढलने में देर नहीं लगेगी।' उल्लेखनीय है कि टोक्यो ओलंपिक टीम के केवल आठ खिलाड़ियों ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए टीम में जगह बनाई है, जबकि अनुभवी पीआर श्रीजेश सहित अन्य सीनियर खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के लिए आराम दिया गया है, हालांकि मनप्रीत का मानना है कि यह युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक शानदार अवसर होगा। उन्होंने कहा, 'टोक्यो ओलंपिक टीम का हिस्सा रहे लगभग दस खिलाड़ियों को आराम दिए जाने के बाद यह उन खिलाड़ियों के लिए एक शानदार अवसर है जो एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में प्रदर्शन करने का मौका पाने के लिए इंतजार कर रहे थे। यह उनके लिए अपनी प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए एक अच्छा मंच होगा।' कप्तान ने कहा, 'यह सिफ 'प्रतिस्पर्धा के लिहाज से ही नहीं, बल्कि दूसरी टीम की क्षमताओं को समझने के लिहाज से भी अच्छा टूर्नामेंट होगा। हम अगले साल होने वाले सभी महत्वपूर्ण एशियाई खेलों और एशिया कप से पहले अन्य एशियाई देशों की प्रगति का आकलन करेंगे।' टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच 21 दिसंबर जबकि फाइनल मुकाबला 22 दिसंबर को होगा। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के मस्कट में आयोजित पिछले संस्करण में लगातार हुई बारिश के कारण फाइनल रद्द होने की वजह से भारत ने पाकिस्तान के साथ संयुक्त रूप से फाइनल की ट्रॉफी उठाई थी।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने की घोषणा, इस जगह होगा एशेज सीरीज का 5वां टेस्ट

मेलबर्न ।

कोरोना महामारी के मद्देनजर पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में सख्त क्वारंटीन नियमों के कारण पर्थ के क्रिकेट मैच का आयोजन करने में असमर्थ होने के बाद ऑस्ट्रेलिया के द्वीप राज्य तस्मानिया की राजधानी होबार्ट ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट मैच की मेजबानी करेगी। समझा जाता है कि विक्टोरिया, न्यू साउथ वेल्स, दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और कैनबरा ने मैच की मेजबानी के अधिकार के लिए बोली लगाई थी, लेकिन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को अपनी और तस्मानियाई सरकार की एक संयुक्त बोली पर मुहर लगा दी। दरअसल क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें टेस्ट मैच की मेजबानी के अधिकार के लिए टेंडर जारी किया था। वहीं इस हफ्ते की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड ने उसके, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया सरकार और पश्चिमी ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड के बीच असहमति के बाद अंतिम एशेज टेस्ट के पर्थ से स्थानांतरण की पुष्टि की थी। अमेरिकी न्यूज चैनल एबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक समझौता पूरा हो गया है और इस सप्ताहांत तक इस बारे में आधिकारिक घोषणा हो जाएगी।होबार्ट का बेलेरिव ओवल, जिसमें लगभग 20 हजार लोगों के बैठने की क्षमता है, अपने पहले एशेज टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। 2016 के बाद से यहां यह पहला टेस्ट मैच होगा। उल्लेखनीय है कि पांचवां और आखिरी एशेज टेस्ट मैच पांच से नौ जनवरी तक खेला जाएगा।

मुझे आश्चर्य है कि हेजलवुड ने केवल आठ ओवर डाले : टेलर

ब्रिस्बेन। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर ने शुक्रवार को आश्चर्य जताते हुए कहा कि गाबा में पहले एशेज टेस्ट के तीसरे दिन तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने सिर्फ आठ ओवर ही गेंदबाजी की। हेजलवुड ने तीसरे दिन आखिरी बार 29वें ओवर में गेंदबाजी की और इसके बाद उन्होंने कोई गेंदबाजी नहीं की, जिसमें अंतिम सत्र भी शामिल है। आखिरी सत्र में उनकी अनुपस्थिति ने उनको चोट लगने की चिंताए बढ़ा दी। टेलर ने वाइड वर्ल्ड स्पोर्टस से कहा, आश्चर्य की बात यह है कि हेजलवुड ने केवल आठ ओवर डाले। मैं वास्तव में नहीं जानता कि जोश ने आखिरी सत्र में गेंदबाजी क्यों नहीं की और मुझे इसका कारण भी पता नहीं है। वह मैदान से भी बाहर चले गए थे। हालांकि मैच में कभी-कभी ऐसा हो जाता है। हालांकि, टेलर इस बात से प्रभावित थे कि इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज रोरी बर्न्स और हसीब हमीद के जल्दी आउट होने के बाद विकेट नहीं आने के बावजूद कप्तान कमिंस ने टीम को अच्छे से संभाला।

मुक्केबाजी सहित तीन खेलों पर ओलंपिक 2028 से बाहर होने का खतरा

जेनेवा ।

मुक्केबाजी, भारोत्तोलन और मॉडर्न पेंटाथलान को लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में अपना स्थान बरकरार रखने के लिए 18 महीने के अंदर अपनी व्यवस्था में सुधार करने के लिए कहा गया है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक ने मुक्केबाजी और भारोत्तोलन के शासी निकायों के बारे में कहा कि वे हमेशा समस्याएं पैदा करते हैं। उन्होंने इन खेलों में नेतृत्व से जुड़े मसलों तथा भ्रष्टाचार और डोपिंग के मुद्दों पर चिंता व्यक्त की। मॉडर्न पेंटाथलान को आईओसी ने अपनी स्पर्धाओं से घुड़सवारी को हटाने के लिए कहा है जिस पर खिलाड़ियों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। इन तीनों खेल को ओलंपिक 2028 के कार्यक्रम की शुरुआती सूची में शामिल नहीं किया गया है। इस कार्यक्रम को मंजूरी के लिए फरवरी में आईओसी सदस्यों के सामने रखा जाएगा। सूची में स्केटबोर्डिंग, सर्फिंग और स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग शामिल हैं। ये तीनों खेल पहली बार टोक्यो ओलंपिक में शामिल किए गए थे। इससे वे भविष्य में ओलंपिक प्रसारण कार्यक्रम से होने वाली आय हासिल करने के हकदार भी बन जाएंगे जो प्रति खेल कम से कम एक करोड़ 50 लाख डॉलर है। जिन तीन खेलों को हटाया गया है उनके पास अब भी सूची में शामिल होने का मौका रहेगा। बाक ने कहा कि उन्हें आईओसी कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों को अपने खेल के शासन और संगठनात्मक संस्कृति में बदलावों से संतुष्ट करना होगा। फुटबॉल को लॉस एंजिल्स के कार्यक्रम में रखा गया है लेकिन बाक ने फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा को प्रत्येक चार साल के बजाय दो साल में विश्व कप आयोजित करने की योजना के कारण नोटिस पर रखा है। हर दो साल में विश्व कप के आयोजन से इस टूर्नामेंट का लॉस एंजिल्स खेलों से सीधे टकराव होगा। इस बीच पेरिस ओलंपिक 2024 के आयोजकों ने बेसबॉल, सॉफ्टबॉल और कराटे के लिए अनुरोध नहीं किया है। इन खेलों में स्केटबोर्डिंग, सर्फिंग और स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग के अलावा ब्रेकडांसिंग भी शामिल होगा।

संक्षिप्त समाचार

रोहतक और पटियाला की सरजमीं पर युवा मुक्केबाज लेंगे प्रशिक्षण

नई दिल्ली। रोहतक और पटियाला में शनिवार से राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रशिक्षण शिविर आयोजित होने जा रहा है। इस शिविर में 12 अलग-अलग भार वर्ग में 49 महिला और 13 अलग-अलग भार वर्ग में 52 पुरुष युवा मुक्केबाज हिस्सा लेकर प्रशिक्षण लेंगे। 24 दिसंबर तक चलने वाले इस शिविर में हालिया एलीट नेशनल चैंपियनशिप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के अलावा देश भर से अन्य राज्यों से शीर्ष युवा मुक्केबाज भाग लेंगे। इस 14 दिवसीय शिविर में 2020 ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन व सिमरनजीत कौर और पूजा रानी के अलावा विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता मंजू रानी व जमुना बोरो, राष्ट्रीय चैंपियन नीतू और सोनिया लाठेर सहित अन्य मुक्केबाज प्रशिक्षण लेती दिखाई देंगी। जानकारी के लिए बात दें कि शिविर का नेतृत्व महिला मुक्केबाज की ओर से नवनियुक्त मुख्य कोच भास्कर भट्ट करेंगे, जो पहले यूथ सेटअप का हिस्सा रहे चुके हैं। रोहतक और पटियाला पहली बार होने जा रही इस राष्ट्रीय मुक्केबाजी अकादमी के शिविर में युवा खिलाड़ियों के साथ 12 कोच और अन्य सहयोगी स्टाफ के 13 सदस्य भी शामिल होंगे। वहीं, इस शिविर में पुरुष वर्ग से वर्तमान विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता आकाश कुमार, एशियाई चैंपियनशिप के पदक विजेता शिव थापा रहेंगे। साथ ही थापा पांच बार एशियाई चैंपियनशिप रह चुके हैं। इसके अलावा देश भर से युवा मुक्केबाजों के साथ-साथ 13 कोच और 14 सहयोगी कर्मचारी भाग लेंगे। जानकारी के लिए बता दें कि जनवरी में सर्दी की छुट्टी के बाद शिविर फिर पुन~ शुरू होगा।

एशेज के दूसरे टेस्ट में वार्नर की जगह ख्वाजा के खेलने की संभावना : पोटिंग



ब्रस्बेन। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने उस्मान ख्वाजा का समर्थन करते हुए कहा कि अगर सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर चोट के कारण दूसरे टेस्ट नहीं खेल पाते हैं तो उनकी जगह ख्वाजा को टीम में मौका मिलने की संभावना है। गाबा में पहले टेस्ट के दूसरे दिन बल्लेबाजी करते हुए दो बार चोट लगने के कारण वार्नर तीसरे दिन फिल्डिंग के लिए मैदान पर नहीं आए थे। वार्नर ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से पहली पारी में 94 रनों की शानदार पारी खेली थी। पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया के एक क्रिकेट वेबसाइट को बताया, अगर (वार्नर) नहीं खेल पाते हैं तो मुझे लगता है कि शायद ख्वाजा को सलामी बल्लेबाजी के रूप में मौका मिल सकता है। हालांकि, उन्होंने क्वींसलैंड के लिए पिछले कुछ वर्षों से सलामी बल्लेबाजी नहीं की है। लेकिन, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए ऐसा किया है। साथ ही ख्वाजा एक अनुभवी खिलाड़ी हैं। वहीं, यह थोड़ा चिंता का विषय है कि उन्होंने काफी समय से ओपनिंग नहीं की है। मार्क वुड की गेंद पर वार्नर चोटिल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें स्कैन के लिए गुरुवार को भेजा गया था। हालांकि स्कैन में कोई गंभीर चोट होने की पुष्टि नहीं हुई है और ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद है कि वह दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने के लिए सक्षम होंगे।

मैंने सोचा था कि मैं फिर कभी टेस्ट मैच नहीं खेलूंगा : डेविड मलान

ब्रिस्बेन।

इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज डेविड मलान ने कहा कि उन्हें एक समय ऐसा लगा था कि वह अब कभी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे। उन्हें लगा था कि उनका टेस्ट क्रिकेट करियर खत्म हो गया। भारत के खिलाफ पिछली घरेलू टेस्ट सीरीज में फ्लॉप रहे मलान ने यहां शुक्रवार को पहले एशेज टेस्ट के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा कि मैंने आज के मैच के हर एक मिनट का आनंद लिया। टेस्ट क्रिकेट मेरे लिए शीर्ष है। आप टी-20 या 50 ओवर के क्रिकेट में जैसा चाहें वैसा कर सकते हैं, लेकिन अंत में आपको आपके टेस्ट करियर से आंका जाता है। ऑस्ट्रेलिया आना और इन अत्यधिक उछाल वाले विकेटों पर क्वालिटी तेज गेंदबाजों के खिलाफ खेलना ही असली परीक्षा है। 80 रन पर नाबाद मलान ने कहा कि मैंने सोचा था कि मैं फिर कभी टेस्ट मैच नहीं खेलूंगा। मैंने रूट से यह कहा था, जब हम 40 या 50 के स्कोर पर थे। हम दोनों का स्कोर समान था। बर्मी आर्मी गा रही थी और मैंने उनसे कहा कि मैंने सच में टेस्ट क्रिकेट को मिस किया है। कोई मुझे सिर पर गेंद मारने की कोशिश कर रहा है, भीड़ गा रही है, उत्साह बढ़ रहा है और सबसे अच्छे गेंदबाजों के खिलाफ खेल रहा हूं। काफी मजा आ रहा है। उल्लेखनीय है कि 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पदार्पण करने के बाद से मलान अपना 18वां टेस्ट मैच खेल रहे हैं। उन्होंने 2017 और 2018 में 14 टेस्ट खेले थे, लेकिन इसके बाद वह अगस्त में भारत के खिलाफ सीरीज के लिए चुने जाने तक टेस्ट टीम से बाहर रहे। मलान और कप्तान जो रूट की 159 रनों की नाबाद साझेदारी की बदौलत इंग्लैंड ने यहां शुक्रवार को पहले एशेज टेस्ट के तीसरे दिन के खेल तक अपनी दूसरी पारी में 70 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 220 रन बना कर मैच में कुछ हद तक वापसी की है। वह हालांकि अभी भी ऑस्ट्रेलिया से 58 रन पीछे है। मलान 177 गेंदों पर 80, जबकि रूट 158 गेंदों पर 86 रन पर खेल रहे हैं।



एमेली मौरेस्मो फ्रेंच ओपन की पहली महिला निदेशक बनीं

पैरिस । फ्रांस की पूर्व टेनिस खिलाड़ी एमेली मौरेस्मो को गुरुवार को प्रमुख टेनिस टूर्नामेंट रौलां-गैरो यानी फ्रेंच ओपन का निदेशक नियुक्त किया गया है। वह टूर्नामेंट की पहली महिला निदेशक बनीं हैं। रोलैंड-गैरोस ने गुरुवार को एक ट्वीट में कहा, '' मौरेस्मो रौलां-गैरो टूर्नामेंट का नेतृत्व करने वाली पहली महिला हैं। उल्लेखनीय है कि दो बार की ग्रैंड स्लैम विजेता मौरेस्मो गाय फॉरगेट की जगह लेंगी, जो 31 नवंबर को अपना अनुबंध समाप्त होने के बाद मंगलवार को इस भूमिका से हट गए थे। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी मौरेस्मो ने 2006 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और विंबलडन दोनों खिताब जीते थे। मौरेस्मो ने रौलां-गैरो द्वारा साझा किए गए एक पोस्ट में कहा, ''मुझे रौलां-गैरो टीम में शामिल होने पर बहुत गर्व है। मैंने स्पष्ट महत्वाकांक्षा के साथ टूर्नामेंट निदेशक का पद स्वीकार किया है। मैं इसे उसी उच्च मानकों, स्वतंत्रता और जुनून के साथ पूरा आगे लेकर जाऊंगी, जिसने मुझे हमेशा प्रेरित किया है।

भारत में महिला फुटबॉल का स्तर बढ़ रहा है : आईएम विजयन

कोझिकोड। भारतीय फुटबॉल के पूर्व दिग्गज आईएम विजयन ने ब्राजील के हालिया दौरे पर राष्ट्रीय महिला टीम के प्रदर्शन को शानदार बताया। वहां उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने से देश में खेल के विकास में मदद मिलेगी। मणिपुर और रेलवे के बीच राष्ट्रीय सीनियर महिला फुटबॉल फाइनल मैच देखने के लिए वहां एम सुरेश के साथ आईएम विजयन भी मौजूद थे। विजयन ने कहा, कोविड-19 के खतरे के बाद भी एआईएफएफ और केरल सरकार ने जिस तरह से चैंपियनशिप का आयोजन किया है, वह काबिले तारीफ है। यह दिखाता है कि हर कोई भारतीय फुटबॉल के विकास के लिए कैसे काम कर रहा है। उन्होंने कहा यह पहली बार है कि केरल सरकार ने एआईएफएफ के समर्थन से चार स्थानों पर राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी की है। मुझे यह देखकर बहुत खुशी हुई कि 32 टीमों ने इतनी युवा प्रतिभाओं के साथ भाग लिया। मैं पहली बार यहां देखने आया हूं। भारतीय पुरुष टीम के पूर्व कप्तान विजयन ने कहा, भारत ने ब्राजील के खिलाफ जिस तरह का खेल दिखाया था वह शानदार था, जो दर्शाता है कि भारत में महिला फुटबॉल का स्तर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, भारत अगले साल एशियाई कप की मेजबानी कर रहा है और हर कोई टीम बनाने और अच्छी फुटबॉल खेलने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि हर कोई भारतीय फुटबॉल को आगे ले जाने के लिए महिला फुटबॉल के विकास में योगदान दे रहा है। भारत के अंतर्राष्ट्रीय एम सुरेश ने चैंपियनशिप के पूरा होने के बाद कहा, केरल सरकार और एआईएफएफ ने केरल में महिला नागरिकों की मेजबानी करने के लिए एक शानदार काम किया है। मेरा मानना है कि कई युवा इससे प्रेरित होंगे और खेल में अपनी रूची दिखाएंगे। इस दौरान उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, भारतीय महिला टीम अब अपने शीर्ष चरण में है। जिस तरह से उन्होंने शीर्ष टीमों के खिलाफ खुद को प्रदर्शित किया वह देखने लायक था। इस टूर्नामेंट में गत चैंपियन मणिपुर ने गुरुवार को फाइनल में रेलवे को पेनल्टी शूटआउट में हराकर अपना 21वां राष्ट्रीय खिताब हासिल किया। एआईएफएफ के महासचिव कुशल दास भी वहां मौजूद थे। चैंपियनशिप को सफल बनाने में शामिल सभी राज्य संघों ने केरल सरकार के प्रयासों की सराहना की।

खिलाड़ियो के लिए प्रतिभा दिखाने के लिए अच्छा मंच होगा चैंपियंस ट्रॉफी - मनप्रीत सिंह

भुवनेश्वर ।

भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह ने कहा कि ढाका में आगामी एशियाई चैम्पियंस ट्राफी (एसीटी) दूसरी श्रेणी के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और मुख्य टीम में दावा पेश करने का उचित मंच प्रदान करेगी। टूर्नामेंट पहले पिछले साल आयोजित किया जाना था जिसे कोविड-19 महामारी के कारण कई बार स्थगित कर दिया गया था। अब यह 14 से 22 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस साल के शुरू में टीम के ऐतिहासिक ओलंपिक कांस्य पदक विजयी अभियान के बाद यह भारत का पहला टूर्नामेंट होगा। मनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम तोक्यो खेलों की टीम में शामिल आठ खिलाड़ियों के बिना होगी जिसमें अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश भी शामिल हैं जिन्हें आराम दिया गया है। मनप्रीत ने शुक्रवार को ढाका के लिए रवाना होने से पहले कहा कि तोक्यो ओलंपिक टीम में शामिल करीब 10 खिलाड़ियों को आराम दिया गया है, यह उन खिलाड़ियों के लिये शानदार मौका है जो बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में प्रदर्शन करने के लिए मौका मिलने का इंतजार कर रहे थे। यह उनके लिये अपनी प्रतिभा और जज्बा दिखाने का अच्छा मंच होगा। गत चैम्पियन भारत शुरूआती दिन कोरिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा जिसमें बाद उसकी भिड़ंत जापान, मलेशिया, पाकिस्तान और मेजबान बांग्लादेश से होगी। यह खिताब के लिये एक पूल का टूर्नामेंट होगा। कप्तान ने कहा कि तोक्यो ओलंपिक के बाद यह हमारा पहला टूर्नामेंट होगा इसलिये सामान्य सी बात है कि खिलाड़ी भी काफी उत्साहित होंगे। हमने भुवनेश्वर में अच्छा अभ्यास किया और मुझे लगता है कि यहां का मौसम भी ढाका के समान है तो हमें परिस्थितियों के अनुरूप ढलने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। इस शीर्ष मिडफील्डर ने कहा कि यह प्रतिस्पर्धा के हिसाब से ही नहीं बल्कि अन्य टीमों की क्षमता परखने के लिए भी अच्छा टूर्नामेंट होगा। हम एशियाई खेलों और एशिया कप से पहले अन्य एशियाई देशों की प्रगति भी भांप लेंगे। कोरिया के बाद भारत 15 दिसंबर को बांग्लादेश से भिड़ेगा जिसके बाद उसका सामना 17 दिसंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। इसके बाद 18 दिसंबर को टीम मलेशिया और फिर 19 दिसंबर को जापान से भिड़ेगी। पूल चरण से शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी जो 21 दिसंबर को खेले जायेंगे। इसके बाद फाइनल 22 दिसंबर को होगा।

ODISHA
ODISHA

एशियाई गेम 2022 : मुंबई में 12 से 16 दिसंबर तक होगा घुड़सवारी का ट्रायल

नई दिल्ली। 2022 हांग्जो एशियाई खेलों के लिए टीम का चयन करने के लिए घुड़सवारी (शो जंपिंग) का ट्रायल 12 से 16 दिसंबर तक मुंबई में एमेच्योर राइडर्स क्लब (एआरसी) महालक्ष्मी रेस कोर्स में किया जाएगा। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) द्वारा आयोजित ट्रायल्स में दिल्ली, बंगलुरू, चेन्नई और मुंबई के घुड़सवार भाग लेंगे। इसमें टीमों और व्यक्तिगत स्पर्धाओं के लिए दो दौर में ट्रायल्स शो जंपिंग 1.40 मीटर और शो जंपिंग 1.50 मीटर कराए जाएंगे। यह पहली बार है जब दिसंबर 2021 और जनवरी 2022 में एशियाई खेलों के घुड़सवारी ट्रायल का आयोजन मुंबई में किया जा रहा है। इक्वेस्ट्रियन फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईएफआई) द्वारा नियुक्त जजों (फ्रांस से फ्रांसिस हेनरी आंद्रे नॉर्मडिन, स्पेन से मारिया डी उरीआर्टे स्पेन एफई13 अरबाइजा और बेल्जियम से मिस्टर जोडी लियोन एफ फोरन्यू) की देखरेख में ट्रायल होंगे। एशियाई खेलों के ट्रायल के बाद, मुंबई दिसंबर और जनवरी में जूनियर नेशनल इक्वेस्ट्रियन चैंपियनशिप (जेएनईसी) और सीनियर नेशनल इक्वेस्ट्रियन चैंपियनशिप (एसएनईसी) की भी मेजबानी करेगा। एमेच्योर राइडर्स क्लब (एआरसी) ने कई टूर्नामेंटों की मेजबानी की है, जिसमें आरईएल क्वालिफायर, एफईआई जंपिंग वर्ल्ड चैलेंज और 2021 में अन्य इवेंट शामिल हैं। ईएफआई के एक बयान में कहा गया है कि बेंगलुरु में पहला शो जंपिंग सिलेक्शन ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद, दूसरा सिलेक्शन ट्रायल मुंबई में आयोजित होने में खुशी हुई। बयान में कहा गया है, यह देश भर के सभी होनहार एथलीटों के पास अपना प्रदर्शन दिखाने और 19वें एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक स्थान सुरक्षित करने का मौका होगा।

रेशमकीट पालन

संकरित रेशमकीट

आईवीएलपी के अंतर्गत सीएसआर-2 : सीएसआर-4 एवं द्विगुण संकरित (कृष्ण राजा) जैसे उन्नत बाइवोल्टाइन संकरित रेशमकीट की सिफारिश की गई है।

चावकी पालन

अण्डे के फूटने से लेकर परिपक्व अवस्था तक पहुँचने में एक रेशम कीट को पाँच अवस्थाओं से गुजरना पड़ता है। कीटों की दूसरी अवस्था युवा अवस्था या चावकी अवस्था कहलाती है। चूँकि यह प्रतिकूल परिस्थितियों के प्रति अधिक संवेदनशील होते और इसके संक्रमित होने की संभावना अधिक रहती इसलिए चावकी पालन हेतु विशेष ध्यान देने की जरूरत है। अतएव चावकी पालन केन्द्रों में नियंत्रित परिस्थितियों के भीतर पले रेशमकीट प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिए।

बड़े उम्र में पालन

बड़े उम्र के कीटों का पालन तीसरे इनस्टार से शुरू होती है। ये कीड़े बहुत अधिक पत्तियाँ खाने वाले होते हैं।

मलबरी रेशमकीट

पालन आजीविका का साधन

मलबरी रेशमकीट को विभिन्न जलवायु स्थितियों और विस्तृत क्षेत्र वाली मिट्टी में उगाया जा सकता है। बेहतर पद्धतियों को अपनाकर कोकुन की अच्छी उपज प्राप्त की जा सकती है। लेकिन इसके लिए अधिक ऊपज देने वाली उत्तम किस्म की पत्ती का होना आवश्यक शर्त है। रेशमकीट का पालन लार्वा अवधि के दौरान पाँच विभिन्न चरणों से होते हुए होती है। लार्वा अवधि में उसे विशेष रूप से निर्मित रेशमकीट पालन शेड में रखा जाता है। साथ ही, उच्च कोटि का रेशम प्राप्त करने के लिए उचित समय पर प्रबंध और गहन देखभाल की जाती है।

पालन घर

मलबरी रेशमकीट पालन एक पूर्णत: घरेलू व्यवसाय है। इसके लिए 24-28 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान और 70-80 प्रतिशत आर्द्रता वाले मौसम की जरूरत होती है। इसलिए किफ़ायती ठंड वातावरण बनाये रखने के लिए दीवार व छत की बनावट के लिए उपयुक्त सामग्री का चयन,भवन का अभिसरण, निर्माण पद्धतियाँ, डिज़ाइन इत्यादि पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। आगे, पत्तियों की रख-रखाव, चावकी पालन, परिपक्व अवस्था पालन एवं मोल्टिंग के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध होनी चाहिए। साथ ही, उस स्थान की साफ-सफाई और रोगमुक्तीकरण व्यवस्था भी अच्छी तरह होनी चाहिए। पालन के प्रकार और मात्रा के अनुसार पालन घर का आकार होनी चाहिए। 100 डीएफएल के लिए 400 वर्ग फीट क्षेत्रफल वाला सतह प्रदान किया जा सकता है (डीएफएल- डिज़िज़ फ्री लेइंग (रोग मुक्त स्थान), 1डीएफएल = 500 लार्वा)।

पालन उपकरण

परिपक्व अवस्था वाले रेशमकीट उच्च तापमान,उच्च आर्द्रता और न्यूनतम स्तर वाले हवा के आवागमन व्यवस्था को सहन नहीं कर पाते हैं। इसलिए कमरे के तापमान को न्यूनतम स्तर पर बनाये रखने के लिए पालन घर में दो ओर से हवा के आने व जाने की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि रेशमकीट द्वारा छोड़े गये मल से उत्पन्न बड़ी मात्रा में गैस आसानी से बाहर निकल सके। 100 डीएफएल (50 हजार लार्वा) के लिए न्यूनतम उपकरण आवश्यकता को निम्न तालिका में दर्शाया गया है -

सारणी- 100 डीएफएलएस (50 हजार लार्वा) पालन हेतु अपेक्षित पालन उपकरण

पालन घर या उपकरणों को संक्रमणरहित बनाये रखने के लिए इसे दो बार साफ की जानी चाहिए। पहली बार पूर्ववर्ती फसल की तैयारी के तुरंत बाद 5 प्रतिशत ब्लिचिंग पाउडर से तथा दूसरी बार दूसरे फसल के दो दिन पहले 2.5 सैनिटेक (क्लोरीन डाई-ऑक्साइड) के घोल से साफ की जानी चाहिए। रोगमुक्त करने का सुझाव निम्न तालिका में दर्शाया गया है-

7. शूट पालन-एक किफायती उपाय

रेशमकीट पालन की इस पद्धति में अंतिम तीन अवस्थाओं का पालन एक स्वतंत्र पत्ती के स्थान पर मलबरी शूट देकर किया जाता है। पालन की यह सबसे किफायती पद्धति है जिससे 40 प्रतिशत तक पालन श्रम की बचत होती है। अन्य लाभ इस प्रकार है-

- रेशमकीट की संख्या कम होने पर बीमारी के फैलाव एवं संक्रमण में कमी।
- कीड़ों और पत्तियों को प्रक्रिया से अलग करते ही द्वितीयक संक्रमण घट जाता है।
- साफ-सफाई बनाये रखना।
- भंडारण और बेड पर होने की स्थिति में पत्ती की गुणवत्ता का बेहतर संरक्षण।
- बेड में बेहतर वायु संचरण।
- बेहतर कोकुन गुणवत्ता एवं लार्वा की उच्च उत्तर-जीविता।
- न्यून गैर आवर्ती व्यय।

पोषण

50-55 दिन पुराने शूट का पोषण प्रारंभ करें। इसकी कटाई सुबह के ठण्डे मौसम में 3-4 फीट की ऊँचाई पर करें। 60-65 दिन पुराने शूट का पोषण पाँचवीं अवस्था वाले कीटों के साथ की जानी चाहिए। कटाई की गई शूट का भंडारण ढीले में उर्ध्वाकार अवस्था में ठण्ड और आर्द्रता युक्त वातावरण में करनी चाहिए जो साफ, रोगाणुमुक्त एवं गीले कपड़े से ढके हुए हों। बाई वोल्टाईन रेशमकीट के लिए चौथे अंतर्रूप में 460 कि.ग्राम और पाँचवें अंतर्रूप में 2880 कि.ग्राम मलबरी मंजरी के मात्रा की आवश्यकता होती है। प्रतिदिन 3 बार भोजन देने (सुबह 6 बजे, दोपहर 2 बजे और रात 10 बजे) की सारणी को अपनाया जाना चाहिए। मटमैले या अधिक पके हुए पत्तियों को न खिलाएँ। प्रत्येक पोषण के दौरान बेड में लार्वा को समानांतर रूप में वितरित करें। पाँचवीं अवस्था के अंत में 100 डीएफएलएस के लिए 600 वर्ग फीट की जगह की आवश्यकता होती है। प्रत्येक सफाई/पोषण से पहले चॉप स्टीक से ध्यानपूर्वक सभी छोटे आकार वाले और बीमारी की आशंका वाले कीड़ों को हटा दें। लिये गये लार्वा को 0.3विलयन बुझे हुए चूने के 2 प्रतिशत ब्लीचिंग पाउडर में रखें।

मलबरी कृषि और रेशमकीट पालन की सर्वोत्तम पद्धतियाँ

पूरे पालन अवधि के दौरान रेशमकीट को काफी सावधानीपूर्वक देखभाल की जाती है और उसके भोजन के लिए उत्तम किस्म के मलबरी पत्ते का इस्तेमाल किया जाता है। बेहतर वातावरण का निर्माण और कृमि व बीमारियों से रक्षा इनके पालन की अन्य आवश्यक शर्तें हैं। रेशमकीट के लिए अनुकूल स्थितियाँ प्रदान करने के लिए एक अलग से पालनघर और पालन उपकरण व साधनों की आवश्यकता होती है। एक साल में 5 से 10 फसलों का पालन किया जा सकता है और प्रत्येक फसल की जीवन अवधि लगभग 70-80 दिनों की होती है।

मलबरी कृषि

मलबरी प्रज़ाति

वी-1 और एस-36 उच्च ऊपज़ देने वाली मलबरी प्रजाति है और रेशमकीट पालन के लिए अत्यंत उपयुक्त है। ये दोनों प्रजाति पोषक पत्ती प्रदान करती है जो रेशमकीट पालन में लार्वा के लिए अत्यंत आवश्यक है। इन दो प्रजातियों की विशेषताएँ निम्न हैं -

एस 36 प्रज़ाति - इसकी पत्तियाँ हृदय आकार की मोटी और हल्के हरे रंग के साथ काँतियुक्त होती है। पत्तियों में उच्च आर्द्रता होती है तथा उसमें अधिक पोषक तत्व होते हैं। प्रति वर्ष एक एकड़ में लगभग 15 हज़ार से 18 हज़ार किलो ग्राम मलबरी पत्तियाँ प्राप्त होती हैं।

वी -1 प्रजाति - यह प्रजाति वर्ष 1997 के दौरान जारी की गई और खेती में काफी लोकप्रिय है। पत्तियाँ अण्डाकार, बड़े आकार की, मोटी, आर्द्रता लिए हुए गहरे हरे रंग की होती है। एक वर्ष में लगभग 20-24 हज़ार किलो ग्राम मलबरी पत्तियाँ प्राप्त की जा सकती है।

रोपण पद्धति

वृक्षारोपण की व्यवस्था दो कतारों में की जाती है जहाँ (90+150 सें.मी) ङ्ग 90 सें.मी या 60 सें.मी ङ्ग 60सें. मी. की दूरी उपयुक्त होती है। वृक्षारोपण की दोहरी कतार के लाभ इस प्रकार है-

दोहरी कतार के बीच जगह होने से अंतर कृषि गतिविधि तथा पत्तियों के परिवहन हेतु पावर टिलर का उपयोग किया जा सकता है। इसके द्वारा ड्रिप सिंचाई सुविधा होती है।

प्रति एकड़ अधिक संख्या में वृक्षों को लगाया जा सकता है। आसानी से एवं शीघ्रतापूर्वक पत्तियों को ले जाया जा सकता जो आर्द्रता हानि की संभावना को कम करता है। डंठल कटाई (शूट हार्वेस्टिंग) से 40 प्रतिशत तक श्रम की बचत होती है।

गोबर एवं खाद का प्रयोग

प्रति हेक्टेयर 8 मीट्रिक टन की दर से साल में दो बार गोबर का प्रयोग करें। मलबरी के वी-1 प्रजाति के लिए एनपीके का प्रयोग 350:140:140 किलो ग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से तथा मलबरी के एस-36 प्रजाति के लिए 300:120:120 किलो ग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से प्रति वर्ष 5 बराबर भागों में बाँट कर करें।

सिंचाई

सप्ताह में एक बार 80 से 120 मिली मीटर की दर से सिंचाई । पानी की कमी होने की स्थिति में किसान ड्रिप सिंचाई का प्रयोग कर 40प्रतिशत पानी की बचत कर सकते हैं।

बेड क्लीनिंग

अस्वस्थ लार्वा को हटाएँ और उसे 0.3 बूझा हुआ चूना विलयन में 2 प्रतिशत ब्लीचिंग पाऊडर में रखें। बेड की सफाई करते समय पालन कक्ष में बेड को सतह पर इधर-उधर न फैलाएँ।

10. तापमान और आर्द्रता बनाये रखना

तीसरे अंतर्रूप लार्वा के लिए बेहतर तापमान 26 डिग्री सें, चौथे अंतर्रूप के लिए 25 डिग्री से. और 5 वें अंतर्रूप के लिए 24 डिग्री से.आदर्श तापमान है तथा उसी प्रकार तीसरे अंतर्रूप के लिए आर्द्रता 80प्रतिशत तथा चौथे व 5 वें अंतर्रूप लार्वा के लिए 70 प्रतिशत आर्द्रता की आवश्यकता होती है। एयर कूलर, रूम हीटर, चारकोल स्टोव, भींगी थैली या भीगी हुई रेत का उपयोग करते हुए कूलिंग, हीटिंग और आर्द्रता वाले उपकरणों का उपयोग कर आवश्यक तापमान और आर्द्रता बनाए रखे। हवा के आवागमन से रेशमकीट के शारीरिक तापमान को घटाने में मदद मिलती है।

फसलोत्पादन की पहली सीढ़ी

किसी भी फसल के उत्पादन के लिए बीज एक महंगा आदान होता है। फसल उत्पादन की कुल लागत का लगभग 20-30 प्रतिशत भाग अकेले बीज पर ही खर्च हो जाता है। अत: स्वस्थ फसल प्राप्त करने के लिए हमें बीजों को बिमारियों से दूर रखना चाहिए जिसके लिए हमें फसलों को बोने से पहले बीजोपचार करना चाहिए। बीजोपचार का उद्देश्य न केवल बीज एवं मृदा जनित बिमारियों की रोकथाम करना होता है वरण जीवित परन्तु सुषुप्त जीवाणुओं के लेप करने के लिए ऐसे माध्यम का प्रयोग करना होता है जो बीज अंकुरण के पश्चात अंकुरित पौधे को एक स्वस्थ एवं ओजपूर्ण विकसित पौधे के लिए नाइट्रोजन एवं स्फुर प्रदान करता है जिससे अच्छा उत्पादन प्राप्त होता है। फसलों को बीज जनित एवं मृदा जनित रोगों से बचाने के लिए बीजों को बोने से पहले कुछ रासायनिक दवाओं एवं पोषक तत्वों की उपलब्धता बढाने के लिए कुछ जैव उर्वरकों से उपचारित किया जाता है ।

जैव उर्वरक के प्रकार

नाइजीरिया में बंदूकधारियों के हमले में 9 लोगों की मौत

अबुजा। नाइजीरिया के नाइजर प्रांत में बंदूकधारियों के समूह ने एक गांव पर हमला किया जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए है। पुलिस ने यह जानकारी दी है। प्रांत के पुलिस प्रमुख बाला कुर्यस ने राजधानी मिन्ना में मीडिया से बताया नाइजर के माशेगू स्थानीय सरकारी क्षेत्र के बाआर गांव की स्थानीय मस्जिद में बंदूकधारियों ने सुबह की नमाज अदा कर रहे लोगों पर हमला किया। कुर्यस बताया कि मोटरसाइकिल पर आए बंदूकधारियों ने मस्जिद में गोलीबारी कर दहशत फैला दी। उन्होंने कहा कि घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया है। कुछ सुरक्षा कर्मियों को इलाके में सुरक्षा बढ़ाने के लिए तैनात किया गया है। पुलिस हमलावरों की मंशा का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए जांच कर रही है।

निकारागुआ ने तोड़े ताइवान से राजनयिक संबंध, चीन ने दी शुभकामनाएं

बीजिंग। निकारागुआ ने ताइवान के साथ लंबे समय से चले आ रहे राजनियक संबंधों को तोड़ दिया। निकारागुआ का यह फैसला चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के वन चाइना पालिसी के पक्ष में है। विदेश मंत्रालय ने अंग्रेजी व स्पेनिश भाषा में बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसके अनुसार, 'रिपब्लिक निकारागुआ की सरकार ने आज ताइवान के साथ सभी राजनयिक संबंधों को खत्म कर दिया और आधिकारिक संबंध विच्छेद कर लिया।'

निकारागुआ के इस फैसले पर ताइवान ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। ताइवान ने इसे दुखद बताया और कहा कि सेंट्रल अमेरिकी राष्ट्रपति डेनियल ओर्टेगा ने ताइवान और निकारागुआ की जनता के बीच की मित्रता का अपमान किया। लेकिन ताइवान की सरकार ने चुनौती भी दी। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय समुदाय का सदस्य होने के नाते ताइवान को दूसरे देशों के साथ राजनयिक संबंध विकसित करने का अधिकार है।' संयुक्त राष्ट्र में चीन के राजदूत झांग जून ने निकारागुआ को इस फैसले के लिए बधाई दी। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, 'हम निकारागुआ सरकार द्वारा किए गए सही निर्णय की बहुत सराहना करते हैं, जो समय की मांग को देखते हुए लोगों की चाहत के अनुसार है।' पिछले माह ही निकारागुआ की सरकार ने अमेरिकी राज्यों के संगठन (ओएएस) से हटने का एलान किया थ्ना। बता दें कि ओएएस एक क्षेत्रीय निकाय है जिसने राष्ट्रपति डेनियल ओर्टेगा की सरकार पर चुनाव में धांधली और दमन का आरोप लगाया। निकारागुआ के विदेश मंत्री डेनिस मोनकाडा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने ओएएस महासचिव लुइस अल्माग्रो को निकारागुआ में निकाय के बार-बार हस्तक्षेप देने को लेकर आधिकारिक पत्र लिखा है।

सुबह के मुकाबले दोपहर में कोविड रोधी वैक्सीन लगवाना ज्यादा बेहतर, अलग-अलग समय में टीके की प्रतिक्रियाएं भिन्न

बोस्टन। विज्ञानियों ने एक हालिया अध्ययन में पाया है कि सुबह के मुकाबले दोपहर में कोविड वैक्सीन लगवाना ज्यादा फायदेमंद होता है। दोपहर में एंटीबाडी का स्तर अधिक होता है। बायोलाजिकल रिदम नामक पत्रिका में प्रकाशित यह अध्ययन बताता है कि 24 घंटे में शरीर के अंदर कई बदलाव होते हैं, इनमें संक्रामक रोगों के खिलाफ प्रतिक्रिया और टीकाकरण भी शामिल है। अमेरिका के मैसाचुसेट्स जनरल हास्पिटल (एमजीएच) से संबद्ध और अध्ययन की वरिष्ठ लेखिका एलिजाबेथ क्लेरमैन के अनुसार, हमारा विश्लेषणात्मक अध्ययन इस अवधारणा को प्रमाण उपलब्ध कराता है कि दिन के अलग-अलग समय में कोविड-19 वैक्सीन की प्रतिक्रिया भिन्न होती है। यह अध्ययन वैक्सीन के प्रभाव का निर्धारण करने में मददगार साबित हो सकता है।'

शोधकर्ताओं ने पाया कि कई बीमारियों के लक्षण और दवाओं की प्रतिक्रिया दिन के समय में भिन्न होती है। उदाहरण के लिए, फेफड़े की बीमारियों से पीड़ितों को दिन के एक निश्चित समय में ज्यादा परेशानी होती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, इन्फ्लूएंजा वैक्सीन लेने वाले बुजुर्ग पुरुषों के एक अध्ययन से पता चला कि जब उन्हें दोपहर की तुलना में सुबह टीका लगाया गया तो उनमें एंटीबाडी का स्तर अपेक्षाकृत कम था।

ताइवान स्ट्रेट पर चीन ने बढ़ाई सैन्य गतिविधियां, लेटेस्ट बमवर्षक विमान एच-6जे का हो रहा खास अभ्यास

बीजिंग। ताइवान और चीन का विवाद लगातार बढ़ता ही जा रहा है। चीन ने ताइवान स्ट्रेट के पास अपनी सेना और सैन्य गतिविधियों को बढ़ा दिया है। चीन ने यह कदम अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को ताइवान स्ट्रेट में हस्तक्षेप करने से रोकने और अपनी ताकत का प्रदर्शन करने के लिए उठाया है।

ताइवान स्ट्रेट पर कर रहा अभ्यास- चीन ताइवान स्ट्रेट के पास चीनी जहाज से बम गिरा रहा है और अपने सैनिकों को ट्रैनिंग देने के लिए लाइव-फायर का अभ्यास भी कर रहा है। साथ ही दक्षिण चीन सागर के क्षेत्रों में समुद्री खदानें बिछा रहा है। चीन के सबसे लेटेस्ट बमवर्षक विमान एच-6जे ने ज्यादा विस्फोटक हवाई बमों का इस्तेमाल करके लाइव-फायर में एक क्रम के तहत बम गिराने और समुद्री खदान बिछाने का एक साथ अभ्यास भी किया।

अमेरिकी नौसैना के आगे कमजोर एच-6जे

क्रिस ओसबोर्न ने कहा कि एच-6जे जैसा एक बमवर्षक विमान अमेरिकी नौसैना की पांचवीं पीढ़ी के विमान से जहाज लान्च होने के बाद बहुत ही कमजोर होगा। इसे ड्रोन और नेटवर्क ग्राउंड सर्विलांस सिस्टम के माध्यम से आसानी से देखा जा सकता है। राष्ट्रीय हित के अनुसार एच-6जे जैसा बड़ा बमवर्षक विमान सतह के जहाजों से आने वाली विमान-रोधी आग की चपेट में आ सकता है। यह इस बात पर निर्भर है कि एच-6जे तटीय क्षेत्रों में खदानों को बिछाने के लिए कितनी कम ऊंचाई पर उड़ता है।

ताइवान स्वतंत्रता मतलब युद्ध

आपको बता दें कि चीन और ताइवान अलग-अलग शासित देश हैं। सात दशकों से अलग-अलग शासित होने के बावजूद चीन ने कहा कि ताइवान स्वतंत्रता का मतलब युद्ध है। 1 जून को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने स्व-शासित ताइवान को एक बार फिर चीन के साथ जोड़ने का संकल्प लिया। साथ ही उन्होंने ताइवान की ओर से स्वतंत्रता के लिए किए जाने वाली सभी कोशिशों को खत्म करने की बात भी कही ।

संयुक्त राष्ट्र महासभा: अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन को मिला आब्जर्वर का दर्जा, तिरुमूर्ति बोले- ऐतिहासिक निर्णय

संयुक्त राष्ट्र । संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आइएसए) को आब्जर्वर का दर्जा दिया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी राजदूत टी एस तिरुमूर्ति ने ट्वीट करके ये जानकारी दी। टी एस तिरुमूर्ति ने इसे ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए कहा कि आइएसए वैश्विक ऊर्जा बढ़ोतरी और विकास के लिए साझेदारी के माध्यम से सकारात्मक वैश्विक जलवायु कार्रवाई का एक उदाहरण बन गया है।



तिरुमूर्ति ने अपने ट्वीट में लिखा, 'अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन को आब्जर्वर का दर्जा देने का संयुक्त राष्ट्र महासभा ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। छह वर्षों में अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन वैश्विक ऊर्जा विकास और वृद्धि के लाभ के लिए साझेदारी के माध्यम से सकारात्मक वैश्विक जलवायु कार्रवाई का एक उदाहरण बन गया है। सभी सदस्य देशों को धन्यवाद।' अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आइएसए) की चौथी आम सभा इससे पहले अक्तूबर में आयोजित की गई थी। जिसमें कुल 108 देशों ने हिस्सा लिया। इनमें 74 सदस्य देश और 34 आब्जर्वर और संभावित देश शामिल हैं। 23 सहयोगी संगठन और 33 विशेष आमंत्रित संगठन भी शामिल हुए थे। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आइएसए) का एलान प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद ने नवंबर 2015 में पेरिस में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के 21 वें सत्र में की था।

ट्यूनीशिया की इस्लामी पार्टी के मुख्यालय में आग लगी, 1 व्यक्ति की मौत 18 अन्य घायल

ट्यूनिस। ट्यूनीशिया की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी के यहां स्थित मुख्यालय में आग लग गई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। पार्टी और अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घायलों में एक पूर्व प्रधानमंत्री भी हैं जो खिड़की से बाहर कूदने के बाद चोटिल हो गए। एन्नाहधा मूवमेंट ने एक बयान में कहा कि पार्टी कार्यकर्ता समी सिफी (51) की मौत हो गई और कई कर्मचारी तथा नेता घायल हो गए। आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है।

दर्दनाक हादसा: मैक्सिको में बेकाबू ट्रक ने पैदल यात्रियों को रौंदा, 53 लोगों की मौत, 50 से ज्यादा लोग घायल

मैक्सिको। दक्षिणी मैक्सिको में देर रात भीषण हादसा हुआ। एक बेकाबू ट्रक ने भीड़ वाली सड़क पर लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में अभी तक 53 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है। यह दर्दनाक हादसा चियापास राज्य की राजधानी जाने वाली सड़क पर हुआ। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, मालवाहक ट्रक जैसे ही पुल पर चढ़ा कि ड्राइवर ने अपना नियंत्रण खो दिया। जिससे सड़क किनारे चल रहे लोगों को रौंदते हुए डिवाइडर से टकरा गया। बताया जा रहा है कि मृतकों की संख्या बढ़ भी सकती है। चियापास राज्य नागरिक सुरक्षा कार्यालय के प्रमुख लुइस मैनुअल मोरेनो ने बताया कि मरने वालों और घायलों में ज्यादातर मध्य अमेरिका के अप्रवासी हैं, हालांकि उनकी राष्ट्रीयता की अभी पुष्टि नहीं हुई।

मोरेनो ने बताया कि बचे हुए लोगों में से कुछ ने कहा कि वे पड़ोसी देश ग्वाटेमाला से हैं।

पुल से टकराने के बाद गिरा ट्रक- मोरेनो ने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि ट्रक इंसानों के भारी वजन के कारण पलट गया और जैसे ही वाहन उसके ऊपर से गिरा, वह स्टील के पैदल पुल से टकरा गया। गौरतलब है कि हाल ही में मैक्सिकन अधिकारियों ने प्रवासियों को अमेरिकी सीमा की ओर बड़े समूहों में जाने से रोका था, लेकिन प्रवासी तस्करी का गुप्त और अवैध प्रवाह जारी है।

अफगानिस्तान में अलकायदा की संख्या 'थोड़ी' बढ़ी है : अमेरिकी कमांडर

वाशिंगटन। अमेरिका की सेना के अगस्त के अंत में अफगानिस्तान से जाने के बाद वहां आतंकवादी समूह अलकायदा के आतंकवादियों की संख्या थोड़ी बढ़ी है और देश के नए तालिबान नेता इस बात को लेकर बंटे हुए हैं कि समूह के साथ संबंध तोड़ने के संबंध में 2020 में किए गए संकल्प को पूरा किया जाए या नहीं। अमेरिका के एक शीर्ष कमांडर ने यह बात कही। यूएस सेंट्रल कमान के प्रमुख मरीन जनरल फ्रैंक मैकेंजी ने कहा कि अफगानिस्तान से अमेरिकी सैन्य और खुफिया एजेंसियों के चले जाने से अफगानिस्तान के अंदर अलकायदा और अन्य चरमपंथी समूहों पर नजर बनाए रखना बहुत कठिन हो गया है।

मैकेंजी ने अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन में कहा कि यह स्पष्ट है कि



अलकायदा अफगानिस्तान के अंदर अपनी मौजूदगी को फिर से मजबूत बनाने का प्रयास कर रहा है, जहां से उसने 11 सितंबर, 2001 को अमेरिका के खिलाफ हमलों की साजिश रची थी। उन्होंने कहा कि कुछ आतंकवादी अफगानिस्तान की सीमा से देश में आ रहे हैं, लेकिन अमेरिका के लिए इनकी संख्या पर नजर रखना कठिन है।

अमेरिका में 11 सितंबर को हुए आतंकवादी हमलों के बाद अमेरिका ने करीब 20 साल तक अफगानिस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई का नेतृत्व किया और तालिबान को सत्ता से हटाने में सफल रहा, लेकिन आखिरकार तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया। अप्रैल में राष्ट्रपति जो बाइडन ने घोषणा की कि थी वह अफगानिस्तान से पूरी तरह से सेना को हटा रहे रहे हैं।

ब्रिटेन में कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट से संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या हुई दोगुनी

लंदन। ब्रिटेन में संक्रमण के और 249 नए मामले सामने आने के साथ कोविड-19 के ओमीक्रोन स्वरूप के मामले एक दिन में करीब दोगुने हो गए। इसके साथ ही, देश में ओमीक्रोन के कुल मामलों की संख्या बढ़ कर 817 हो गई। ब्रिटेन की स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी

(यूकेएसएचए) ने कहा कि यदि वृद्धि दर और मामले दोगुने होने में लगने वाला समय ऐसा ही रहा तो वे अगले दो चार हफ्तों में कोरोना वायरस के कम से कम 50 प्रतिशत मामले ओमीक्रोन स्वरूप के देख सकते हैं। प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इससे पहले कहा था कि ओमीक्रोन के मामलों के दोगुने होने की अवधि दो से तीन दिन के बीच हो सकती है। यूकेएसएचए मुख्य चिकित्सा सलाकार डॉ सुसान होपकिंस ने कहा, ''यह प्रमाण बढ़ता जा रहा है कि ओमीक्रोन अत्यधिक संक्रामक है। हम संक्रमण की चेन तोड़ने और नये स्वरूप के प्रसार को रोकने के लिए हर चीज करेंगे। '

ओमिक्रान के खिलाफ उपयोगी साबित हो सकता है 'लेबोरेटरी डाटा'- डब्ल्यूएचओ

न्यूयॉर्क। दुनियाभर में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट 'ओमिक्रान' का खतरा लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में इससे निपटने के लिए सभी देश अपने स्तर पर तैयारी में जुटा हुआ है। अब दुनिया भर में ओमिक्रान वैरिएंट प्रसार के बीच संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी की तरफ से कहा गया है कि नए वैरिएंट के खिलाफ प्रारंभिक प्रयोगशाला डेटा उपयोगी है, लेकिन यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि ये कितने प्रभावी होंगे।



संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी के पैनल ने कहा कि कोरोना के नए वैरिएं के खिलाफ मौजूदा टीकों की प्रभावशीलता पर प्रारंभिक प्रयोगशाला डेटा उपयोगी है, लेकिन यह अभी ये साफ नहीं है कि ये कितने प्रभावी होंगे। गंभीर रूप से बीमार मरीजों का इलाज कर रहे हैं। बता दें कि यह बयान ऐसे समय में आया है जब कहा जा रहा है जिस शख्स ने कोरोना वैक्सीन की दोनो डोज ली हुई है उसको छह महीने तक ओमिक्रान का खतरा कम है।

डब्ल्यूएचओ में टीकाकरण, टीके और जैविक विज्ञान विभाग के निदेशक डॉ केट ओ 'ब्रायन ने कहा, 'निष्क्रियता डेटा में एक आधार है, लेकिन यह वास्तव में नैदानिक डेटा है जो ओमिक्रान से लड़ने में सहायता प्रदान कर सकता है।

न्यूजीलैंड में आजीवन सिगरेट नहीं खरीद सकेंगे युवा, सरकार लगाएगी प्रतिबंध

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड ने धूमपान की लत से देश के भविष्य को बचाने के लिए अनूठी योजना बनाई है। सरकार 14 या उससे कम उम्र के युवाओं के सिगरेट खरीदने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने के लिए कानून लाने जा रही है। इस कानून को अगले साल तक लागू किया जा सकता है। कानून के तहत सिगरेट खरीदने की न्यूनतम आयु भी साल दर साल बढ़ाई जाती रहेगी। सरकार का तर्क है कि कानून लागू होने के 65 साल बाद दुकानदार सिर्फ 80 वर्ष की उम्र से ज्यादा वालों को ही सिगरेट बेच सकेंगे।

सरकार का लक्ष्य 2025 तक देश में धूमपान करने वालों की संख्या पांच प्रतिशत कम करना भी है। सरकार ने कहा कि धूमपान को कम करने के अन्य प्रयासों में बहुत लंबा समय लग रहा है। सरकार का लक्ष्य तंबाकू बेचने और सभी उत्पादों में निकोटीन के स्तर में कटौती करना है। देश में हर साल धूमपान से पांच हजार लोगों की मौत होती है। न्यूजीलैंड की एसोसिएट स्वास्थ्य मंत्री ने एक कहा, 'हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि युवा कभी धूमपान शुरू न करें। लिहाजा हम युवाओं के नए समूहों को धूमपान करने वाले तंबाकू उत्पादों को बेचना या आपूर्ति करने को अपराध बना देंगे। यहां की सरकारके अनुसार बीते दशक में धूमपान की दर में गिरावट आई है। फिलहाल, न्यूजीलैंड में 18 साल से कम उम्र के लोगों को तंबाकू बेचने पर रोक है। यदि कुछ भी नहीं बदलता है, तो फिर धूमपान दर 5 फीसद से कम होने तक दशकों लगेंगे। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, न्यूजीलैंड में 15 साल से अधिक उम्र के लोग 11.6 फीसद धूम्रपान करते हैं। साल 2022 के अंत तक इसे कानून बनाने के मकसद से सरकार अगले साल जून में संसद में कानून पेश करने करेगी।

बाइडन ने नेताओं से ''लोकतंत्र का अवमूल्यन'' न करने का आग्रह किया

वाशिंगटन। राष्ट्रपति जो बाइडन ने समूचे विश्व में लोकतंत्र के ''अवमूल्यन'' पर चिंता व्यक्त की और साथी विश्व नेताओं से लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करने के लिए उनके साथ काम करने का आह्वान किया। बाइडन ने यह बात चीन और रूस की तरफ से वैश्विक प्रभाव को बढ़ाने के प्रयासों के मद्देनजर कही जो उनके प्रशासन के लिए चिंता का बड़ा कारण बना हुआ है।

व्हाइट हाउस के पहले 'लोकतंत्र के लिए ऑनलाइन सम्मेलन' में 100 से अधिक नेताओं के लिए बाइडन की टिप्पणियां ऐसे वक्त में आई हैं जब नेताओं ने लोकतंत्र के सामने आ रही भ्रष्टाचार, असमानता और प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश जैसी कई चुनौतियों की ओर इशारा किया।

नेताओं ने दुष्प्रचार और निरंकुशता को बढ़ावा देने के खतरों के बारे में भी चिंता व्यक्त की।

बाइडन ने पूछा, 'क्या हम अधिकारों और लोकतंत्र के अवमूल्यन को अनियंत्रित रूप से जारी रहने देंगे? या हम साथ मिलकर एक दृष्टिकोण बनाएंगे और एक बार फिर मानव प्रगति और मानव स्वतंत्रता की यात्रा को आगे बढ़ाने का साहस दिखाएंगे?'

उन्होंने चीन और रूस का नाम लिये बिना बार-बार यह बात उठाई कि अमेरिका और समान विचारधारा वाले सहयोगियों को दुनिया को यह दिखाने की जरूरत है कि लोकतंत्र निरंकुशता की तुलना में समाज के लिए एक बेहतर माध्यम है। यह बाइडन की विदेश नीति के दृष्टिकोण का एक केंद्रीय सिद्धांत है - एक ऐसी प्रतिबद्धता है जिसे वह अपने पूर्ववर्ती ट्रंप के 'अमेरिका फर्स्ट' दृष्टिकोण की तुलना में अधिक समावेशी बताते हैं।

बाइडन ने रेखांकित किया कि अमेरिका जैसे लंबे समय से स्थापित लोकतंत्र भी इस अवमूल्यन से अछूते नहीं हैं, और उन्होंने इस क्षण को 'इतिहास में परिवर्तन बिंदु' कहा।

उन्होंने कहा कि स्कूल बोर्ड की बैठकों, चुनाव कार्यालयों और टाउन हॉल में असंतोष के साथ टकराव के बीच स्थानीय निर्वाचित अधिकारी खतरनाक दर से इस्तीफा दे रहे हैं। राज्य मतपत्र तक पहुंच को सीमित करने के लिए कानून पारित कर रहे हैं, जिससे अमेरिकियों के लिए मतदान करना अधिक कठिन हो गया है। और छह जनवरी को कैपिटल में हुए हमले ने डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के कई लोगों को चुनाव में हुई चोरी के झूठे दावों पर कायम रखा और वोट की सटीकता में लोगों के विश्वास को क्षीण किया। बाइडन ने कहा, 'हम जानते हैं कि हमारे लोकतंत्र और हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास की आवश्यकता है।+राष्ट्रपति ने घोषणा की कि वह दुनिया भर में ऐसे कार्यक्रमों के लिए 42.4 करोड़ डॉलर तक खर्च करने की पहल शुरू कर रहे हैं जो स्वतंत्र मीडिया, भ्रष्टाचार रोधी कार्यों और अन्य बहुत कुछ का समर्थन करते हैं।

वीडियो कॉन्फ्रेंस की अमेरिका के मुख्य विरोधियों और अन्य देशों ने आलोचना की जिन्हें आमंत्रित नहीं किया गया था। अमेरिका में चीन और रूस के राजदूतों ने एक संयुक्त लेख लिखा जिसमें बाइडन प्रशासन को 'शीत-युद्ध की मानसिकता' का प्रदर्शन करने वाला बताया गया, जो 'वैचारिक टकराव को हवा देगा और दुनिया में दरार पैदा करेगा।'

प्रशासन को इस बात को लेकर भी आलोचना का सामना करना पड़ा कि उसने किस आधार पर देशों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया। चीन और रूस उनमें से थे जिन्हें आमंत्रित नहीं किया गया।

क्रांति समय
शनिवार,11दिसंबर–2021

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

सार समाचार

किसानों ने गाजीपुर बार्डर पर किया हवन, सीडीएस रावत समेत अन्य लोगों को दी श्रद्धांजलि

गाजियाबाद (उप्र)। गाजीपुर सीमा पर मौजूद किसानों ने तमिलनाडु में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत और 11 अन्य सैन्यकर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए हवन का आयोजन किया। किसान समूह के प्रदेश उपाध्यक्ष राजबीर सिंह ने बताया कि हवन में किसानों के अलावा भारतीय किसान संघ (बीकेयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, बीकेयू उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजबीर सिंह जादौन और अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए। बुधवार को तमिलनाडु के कुन्नूर के पास एक एमआई-17वी5 हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से जनरल रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत और 11 अन्य सैन्यकर्मियों का निधन हो गया था। भारत के पहले सीडीएस के रूप में, जनरल रावत को सेना के तीनों अंगों के बीच थिएटर कमान और संयुक्तता लाने का काम सौंपा गया था।

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोर में आतंकियों ने पुलिस टीम पर किया हमला, 2 पुलिसकर्मी जख्मी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में आतंकवादियों ने पुलिस टीम पर हमला किया। इस हमले में दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक बांदीपोरा जिले के गुलशन चौक इलाके में आतंकवादियों के हमले में दो पुलिसकर्मी जख्मी हो गए।

75 वाहनों को किया गया जब्त

प्राप्त जानकारी के मुताबिक जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इस साल यूएपीए के तहत अबतक 75 वाहनों को जब्त किया है।पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस कानून के तहत अबतक 5 रिहाइशी घरों, 6 दुकानों, भूमि और नकदी को भी जब्त किया गया है। इससे पहले शोपियां में सुरक्षाकर्मियों ने रविवार को लश्कर-ए-तैयबा के 2 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था। इस आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ था। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया था कि डूमवानी कीगाम के निवासी लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी शाहिद अहमद गनी और उसके करीबी सहयोगी के रामबी आरा के पास डूमवानी गांव में मौजूद होने के बारे में गुप्त सूचना मिली थी, जिसपर कार्रवाई करते हुए सुरक्षाकर्मियों ने इलाके की घेराबंदी की।

लोक सभा तथा विधान सभा लोकतन्त्र के सबसे बड़े मन्दिर: विपिन सिंह परमार

धर्मशाला । आज विधान सभा का शीतकालीन सत्र देखने आये सुलह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अधीन आने वाले वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भवारना, दैहन, पुन्नर, खैरा, भौंरा तथा पाहड़ा के छात्र - छात्राओं के साथ विधान सभा परिसर में सदन की कार्यवाही देखने से पूर्व हिमाचल प्रदेश विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री विपिन सिंह परमार ने मुलाकात की। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विधान सभा अध्यक्ष से आज होने वाली कार्यवाही के बारे पूछा तथा संसदीय प्रणाली की जानकारी ली। इस अवसर पर परमार ने छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनायें देते हुए कहा कि लोकसभा तथा विधान सभा लोकतन्त्र के सबसे बड़े मन्दिर है तथा आज के युवा जिस तरह संसदीय प्रणाली की ओर आकर्षित हो रहे है इससे लोकतन्त्र की मजबुती को और बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि सदन ही एक ऐसा सर्वोत्तम स्थान है जहां चुने हुए प्रतिनिधि जनहित से जुड़े मुद्दों को उठा सकते है तथा उनका समाधान भी सम्भव हो पाता है। इस अवसर पर श्री परमार ने छात्र-छात्राओं से लोकतांत्रिक प्रणाली को गहनता से अध्ययन करने का आग्रह किया। श्री परमार ने सभी छात्र-छात्राओं को अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनायें दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

महिला की वेशभूषा में बेचते थे ड्रग्स, दो आरोपी गिरफ्तार; पुलिस ने ढाई किलोग्राम डोडा बरामद किया

नोएडा (उप्र)। पुलिस ने महिला की वेशभूषा में मादक पदार्थ बेचने के आरोप में दो लोगों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से ढाई किलोग्राम डोडा बरामद किया है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) विशाल पांडे ने बताया कि बीटा-2 के थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने शुक्रवार को सूचना के आधार पर पश्चिम बंगाल के निवासी सैन्टू तथा नोएडा के दादरी निवासी राहुल को गिरफ्तार किया। पांडे ने बताया कि आरोपियों के पास से पुलिस ने ढाई किलोग्राम डोडा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि दोनों आरोपी महिला के वेश में मादक पदार्थ बेचते थे, ताकि पुलिस उन्हें पकड़ नहीं पाए।

दिग्विजय सिंह ने पुलिस कमिश्नर सिस्टम को लेकर साधा निशाना, कहा - 20 साल पहले किया था केंद्र सरकार ने अस्वीकार

भोपाल। मध्य प्रदेश के इंदौर और भोपाल में बुधवार से पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू कर दिया गया है। इसे लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बधाई देते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि पुलिस कमिश्नर सिस्टम का प्रस्ताव 20 साल पहले केंद्र को भेजा था तब अस्वीकार कर दिया गया था। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ट्वीट कर लिखा है कि मध्य प्रदेश में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू हुई। बधाई। जब मैंने यही प्रस्ताव भाजपा की केंद्र सरकार को आज से 20 साल पहले भेजा था, तब अस्वीकार कर दिया गया था। चलो देर से आए, दुरुस्त आए। भोपाल में पुलिस कमिश्नर सिस्टम- पुलिस कमिश्नर सिस्टम में भोपाल में एक पुलिस आयुक्त, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त स्तर के कुल 02 अधिकारी, उपायुक्त स्तर के 08 अधिकारी तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त स्तर के 10 अधिकारी तथा सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के 33 अधिकारी पदस्थ किए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण का एक पद होंगे। इंदौर में पुलिस कमिश्नर सिस्टम- पुलिस कमिश्नर सिस्टम में इंदौर में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक/ पुलिस महानिरीक्षक स्तर का एक पुलिस आयुक्त, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त स्तर के कुल 02 अधिकारी (उप पुलिस महानिरीक्षक), पुलिस उपायुक्त स्तर के 08 अधिकारी (पुलिस अधीक्षक) तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त स्तर के 12 अधिकारी (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक) तथा सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के 30 अधिकारी पदस्थ (उपपुलिस अधीक्षक) किए जाएंगे। इसके साथ पुलिस अधीक्षक ग्रामीण का एक पद होंगे।

खत्म हुआ किसान आंदोलन, अमित शाह पर्दे के पीछे कर रहे थे रणनीति पर काम

नई दिल्ली (एजेंसी)।

15 महीनों से जारी किसान आंदोलन जिसमें करीबन 700 किसानों की जान गई। सरकार कहती है कि उसके पास किसानों की मौत का डाटा नहीं है। लेकिन एक अनुमान के मुताबिक लगभग 700 किसान इस आंदोलन में अपनी जान गंवा बैठे। किसानों ने 26 नंवबर 2020 को दिल्ली की ओर कूच किया था। उससे पहले यह आंदोलन पंजाब में सक्रिय था, किसान अपनी मांगों को दिल्ली की ओर लेकर बढ़े थे। लेकिन पिछले 19 नवंबर को गुर पर्व वाले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह घोषणा की वह कृषि कानूनों को वापस लेने जा रहे हैं इसके साथ ही किसान आंदोलन और आंदोलनकारियों की जीत हुई। और अब किसान मोर्चा ने भी आंदोलन को खत्म करने का निर्णय ले लिया।

केंद्र सरकार किसान आंदोलन को खत्म कराने को लेकर अपनी सफलता देख रही है। और अब अंदर खाने यह खबर है कि किसान आंदोलन को खत्म कराने की रणनीति का श्रेय अमित शाह को जाता है। दरअसल पीएम मोदी ने नवंबर के पहले हफ्ते में अमित शाह को आंदोलन खत्म कराने की जिम्मेदारी सौंपी थी, और वह लगातार पर्दे के पीछे इस पर काम भी कर रहे थे। अमित शाह जाट महासभा के महासचिव युद्धवीर सिंह के जरिये लगातार संयुक्त किसान मोर्चा के वरिष्ठ नेताओं से संपर्क में थे।

दरअसल कृषि कानून को वापस लेने के बाद केंद्र सरकार विवाद का एक सुरक्षित अंत चाहती थी। केंद्र की रणनीति में यह शामिल था कि न सिर्फ आंदोलन खत्म हो बल्कि नाराज किसान तसल्ली के साथ अपने घर वापस जाएं। इसी कड़ी में मुआवजा देने, मुकदमे वापस लेने बिजली कानून में समझौता, और एमएसपी पर कानूनी गारंटी के मामले को कमेटी के समक्ष भेजने का एक प्रस्ताव दिया गया था। प्रस्ताव पर किसानों की आपत्तियों को अमित शाह ने व्यक्तिगत स्तर पर हल किया।

किसानों और सरकार के बीच आमने सामने एक लंबी बातचीत का दौर जारी रहा था। लेकिन इस बातचीत से कोई हल नहीं निकल रहा था, इसलिए अमित शाह ने पर्दे के पीछे किसान नेताओं से बातचीत शुरू की। उन्होंने बातचीत करने के लिए किसान नेता युद्धवीर सिंह को चुना। कहां जा रहा है कि 1 महीने लंबी बातचीत के बाद इन प्रस्तावों पर किसान नेताओं और सरकार के बीच सहमति बन पाई है। शुरुआत में किसान मोर्चा लखीमपुर घटना मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी के इस्तीफे पर अड़ा हुआ था। शनिवार को जब मोर्चे ने इस्तीफे पर न अड़ने की बात कही थी तभी आंदोलन खत्म होने का संकेत मिल गया था। सरकार ने भले ही किसान आंदोलन को 15 महीने बाद खत्म कराने में कामयाबी हासिल की हो। लेकिन आंदोलनकारी किसानों ने सरकार को बता दिया कि आंदोलनों के आगे सरकार को झुकना ही पड़ता है। अब आंदोलन खत्म कराने का श्रेय आप किसी को भी

दें लेकिन यह बात उतनी हकीकत है कि किसानों ने अपनी मांग सरकार से मंगवाई और तीनों कानूनों को रद्द भी कराया। सरकारों को इससे जो साफ संदेश जाता है वह यह की संख्या बल पर हर बिल को पास कराया जा सकता। संख्या बल से लोकतंत्र नहीं चलता बातचीत से ही एक दूसरे की बात सुनकर और मानकर ही लोकतंत्र सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया सकता है।

एमएसपी से कम पर धान की खरीद के बारे में कोई शिकायत नहीं: केंद्र सरकार

नयी दिल्ली। (एजेंसी)।

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को संसद को बताया कि निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम पर पर धान की खरीद किए जाने के संबंध में हरियाणा सहित किसी अन्य स्थान से कोई शिकायत नहीं मिली है। ग्रामीण विकास तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने राज्यसभा को एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। हरियाणा से कांग्रेस के सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने जानना चाहा था कि क्या सरकार को एमएसपी से कम मूल्य पर धान की खरीद किए जाने के संबंध में किसानों, विशेषकर हरियाणा के किसानों द्वारा शिकायत किए जाने की जानकारी है।

इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग व भारतीय खाद्य निगम में हरियाणा सहित किसी भी अन्य स्थान से एमएसपी से कम पर धान की खरीद से संबंधित शिकायतें प्राप्त नहीं हुई हैं।'' उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने देश भर में किसानों के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) की व्यवस्था लागू की है और इसके कार्यान्वयन के साथ ही अब किसान बिचौलियों पर निर्भर नहीं हैं और उन्हें अपने उत्पाद का भुगतान बिना किसी विलंब और कटौती के सीधे बैंक खाते में प्राप्त होता है। उन्होंने कहा, ''एमएसपी के प्रत्यक्ष लाभ अंतरण से पारदर्शिता आई है और खरीद में लगने वाले वास्तविक समय की निगरानी हुई है।'' वर्ष 2021-22 के खरीफ विपणन मौसम के लिए हरियाणा में धान की खरीद के लक्ष्य संबंधी एक अन्य सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस दौरान केंद्रीय पूल के तहत एमएसपी पर 60 लाख टन घान (चावल के रूप में 40 लाख टन) की खरीद का अनुमान लगाया गया है। उन्होंने कहा, ''इस अनुमान की तुलना में इस वर्ष छह दिसंबर तक एमएसपी पर केंद्रीय पूल के अंतर्गत 55.30 लाख टन धान की खरीद की गई है।

हिमाचल में जल्द ही सामान्य जाति आयोग का गठन होगा सीएम जय राम ठाकुर

धर्मशाला। (एजेंसी)।

हिमाचल प्रदेश में जल्द ही सामान्य जाति आयोग का गठन होगा। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने आज तपोवन में चल रहे शीतकालीन सत्र के दौरान विधानसभा में तीन महीने में सामान्य जाति आयोग गठन की विधानसभा में घोषणा की। सरकार को प्रदेश सवर्ण आयोग के गठन की मांग पूरी करने के लिये विवश होना पडा। धर्मशाला में आज अजीब सा महौल देखने को मिला। जिससे पूरी सरकारी व्यवस्था उग्र प्रदर्शनकारियों के आगे बेबस नजर आई। यही वजह रही कि गुस्साये लोगों को मनाने के लिये तपोवन विधानसभा के बाहर प्रदर्शन कर रहे हजारों लोगों के सामने भी घोषणा करनी पडी। सीएम की घोषणा से प्रदर्शन कर रहे लोगों के साथ सवर्ण समाज के लोगों में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि सवर्ण आयोग के गठन का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया। अगले बजट सत्र में यह प्रस्ताव लाया जाएगा। हालांकि मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद भी हजारों लोग प्रदर्शन के लिए डटे हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि बिना वजह प्रदर्शन करना गलत है। इससे पहले सवर्ण आयोग के गठन की मांग को लेकर हजारों की तादाद में लोग तपोवन पहुंच गए थे। दाड़ी में पुलिस की ओर से बनाए सुरक्षा घेरे व बैरिकेड को तोड़कर प्रदर्शनकारी तपोवन की ओर बढ़े। सभी प्रदर्शनकारियों को दाड़ी से आगे न जाने देने की इजाजत थी, पुलिस ने ऐसी व्यवस्था बनाई थी। लेकिन हजारों लोग जोराबर स्टेडियम पहुंच गए हैं। यहां जयराम सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सवर्ण आयोग की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने पानी की बौछार भी की। सवर्ण आयोग की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने पानी की बौछार की इससे प्रदर्शनकारी उग्र हो गए और उन्होंने अग्निशमन वाहन के शीशे तोड़कर उसे नुकसान पहुंचाया, प्रदर्शनकारी ने वेरिगेट्स तोड़कर जोरावार स्टेडियम से विधानसभा परिसर तक पहुंच गए।

केरल के एक गांव में बर्ड फ्लू की दस्तक, बड़ी संख्या में बत्तखों को मारेगा प्रशासन

अलप्पुझा। (पंजाब)।

केरल के अलप्पुझा जिले की ताकाझी पंचायत में बर्ड फ्लू फैलने की जानकारी मिली है, जिसके चलते अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में बत्तख, मुर्गियों और अन्य घरेलू पक्षियों को मारने का आदेश देना पड़ा है। जिला कलेक्टर ए. एलेक्जेंडर ने फ्लू के प्रकोप के मद्देनजर बृहस्पतिवार को जिले के वरिष्ठ पशुपालन, स्वास्थ्य व पुलिस अधिकारियों के साथ आपात बैठक की अध्यक्षता कर स्थिति की समीक्षा की।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि प्रशासन ने नजदीकी इलाकों में वायरस के प्रसार को रोकने के लियेताकाझी ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 10 और इसके आसपास के एक किलोमीटर दायरे में सभी मुर्गियों, बत्तखों और अन्य घरेलू पक्षियों को मारने का आदेश दिया है। अधिकारियों ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र को एक निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया गया है, जबकि क्षेत्र मेंवाहनों और लोगों की आवाजाही पर पाबंदी लगा दी गई है। जिला कलेक्टर ने इसके अलावा प्रभावित क्षेत्रों में बत्तख, मुर्गी, बटेर और घरेलू पक्षियों के अंडे, मांस व खाद के उपयोग तथा बिक्री पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने कहा कि यह पाबंदी चंपाकुलम, नेदुमुडी, मुत्तर, वियापुरम, करुवट्टा, त्रिकुन्नपुझा, ताकाझी, पुरक्कड़, अंबालापुझा दक्षिण, अंबालापुझा उत्तर, एडथवा पंचायतों और हरिप्पड नगरपालिका क्षेत्र में लागू रहेगी।

पशुपालन विभाग ने ताकाझी में पक्षियों को पकड़ने और जान से मारने के लिएत्वरित प्रतिक्रिया दलों का गठन किया गया है। बैठक में सहायक वन संरक्षक को इस बात की निगरानी और निरीक्षण करने के लिए अधिकृत किया गया कि प्रवासी पक्षी बीमारी से संक्रमित हुए हैं या नहीं। अधिकारियों के अनुसार पशुपालन विभाग को जिले में बर्ड फ्लू रोकथाम गतिविधियों पर दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

कहां से आते हैं ऐसे लोग? जनरल बिपिन रावत के निधन पर कर रहे गालियों से भी ज्यादा बुरे शब्दों का इस्तेमाल

अहमदाबाद। (एजेंसी)।

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत की मौत को लेकर अपने फेसबुक पेज पर कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले गुजरात के एक 44 वर्षीय व्यक्ति को अहमदाबाद साइबर अपराध प्रकोष्ठ ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। हालांकि, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि उन्हें उनके पिछले पोस्ट के लिए गिरफ्तार किया गया है। उसमें भी अपमानजनक टिप्पणी की गयी थी, लेकिन यह तब उजागर हुआ, जब नवीनतम टिप्पणी सामने आई। साइबर अपराध प्रकोष्ठ की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि आरोपी की पहचान शिवभाई राम के रूप में हुई है, जो गुजरात में अमरेली जिले के राजुला तालुका स्थित भेराई गांव का निवासी है। हालांकि, विज्ञप्ति में जनरल रावत के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणी के बारे में कुछ भी नहीं बताया गया है।

जनरल रावत की बुधवार को तमिलनाडु में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में 12 अन्य लोगों के साथ मौत हो गई थी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि आरोपी को धारा 153-ए के तहत विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने और आईपीसी की धारा 295-ए के तहत धर्म का अपमान करके धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से दुर्भावनापूर्ण कृत्यों में लिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।


TRIBUTE To BIPIN RAWAT !!

सहायक पुलिस आयुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा, ''जनरल बिपिन रावत पर कुछ अपमानजनक पोस्ट साझा करने के बाद आरोपी हमारे रडार पर आ गया था। उसकी टाइमलाइन स्कैन करने पर, हमें पता चला कि उसने पहले हिंदू देवी-देवताओं के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट साझा किए थे। उसने अपने फेसबुक में पुराने पोस्ट में निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए अपमानजनक शब्दों का भी इस्तेमाल किया था।'' प्राथमिकी दर्ज करने के बाद साइबर अपराध प्रकोष्ठ के अधिकारी आरोपी युवक को उसके पैतृक स्थान अमरेली से पकड़कर यहां लेकर आए हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि जांच से पता चला है कि राम की राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं हैं और वह आपत्तिजनक पोस्ट साझा कर सुर्खियों में रहना चाहता है।

देश के पहली सीडीएस जनरल बिपिन रावत के निधन के बाद सोशल मीडिया पर कई सारे गलत टिप्पणी की जा रही है जिसके बाद पुलिस ने बड़ी कारवाई करना शुरू कर दिया है। इसी बीच एक और मामला सामने आया है जिसमें युवक ने सोशल मीडिया पर सीडीएस जनरल बिपिन रावत पर एक आपत्तिजनक पोस्ट किया है। पुलिस ने कोतवाली थाना इलाके के राज टाकीज रोड के रहने वाले जावाद खान को गिरफ्तार कर लिया है। लोगों ने इस युवक के खिलाफ बड़ी कारवाई करने की मांग की है। 21 साल के जावाद खान ने सीडीएस बिपिन रावत के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। हालांकि उसने यह पोस्ट 1 घंटे बाद डिलीट कर दिया था।

दुनिया के 56 देशों में फैला ओमीक्रोन, भारत में अब तक 25 मामले किए गए दर्ज

वाराणसी। (एजेंसी)।

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने शुक्रवार को कोरोना के नए वेरिएंट 'ओमीक्रोन' को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि देश में ओमीक्रोन के अब तक 25 मामले दर्ज किए गए हैं। दुनियाभर में 59 देशों में ओमिक्रॉन के मामले पाए गए हैं। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने बताया कि देश में हम अब तक 86.2 फीसदी वयस्क आबादी को वैक्सीन की पहली डोज़ और 53.5 फीसदी वयस्क आबादी को वैक्सीन की दोनों डोज़ लगा चुके हैं।

राष्ट्रीय मीडिया केंद्र
NATION

उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के 8,503 नए मामले सामने आए हैं। पिछले 14 दिनों से प्रतिदिन 10 हज़ार से कम मामले दर्ज़ किए जा रहे हैं। देश के कुल नए मामलों में से 52 फीसदी से अधिक मामले केरल से दर्ज़ किए जा रहे हैं। देश में दो राज्य ऐसे हैं जहां 10,000 से अधिक सक्रिय मामले हैं। वह केरल और महाराष्ट्र हैं। देश के 43 फीसदी सक्रिय मामले केरल में हैं।

वहीं नीति आयोग के सदस्य डॉ वीके पॉल ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मास्क के इस्तेमाल में गिरावट को लेकर आगाह किया है। ओमीक्रोन का वैश्विक परिदृश्य परेशान कर रहा है। अब हम जोखिम भरे और अस्वीकार्य स्तर पर काम कर रहे हैं। हमें यह याद रखना होगा कि वैक्सीन और मास्क दोनों ही महत्वपूर्ण हैं। हमें वैश्विक स्थिति से सीखना चाहिए। आईसीएमआर के महानिदेशक बलराम भार्गव ने कहा कि ओमीक्रोन के वैश्विक परिदृश्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए नियमित बैठकें आयोजित की जा रही है। 5 फीसदी से अधिक पॉजिटिव केस आने पर जिला स्तरीय प्रतिबंध लागू होंगे।

अयोध्या को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए नगरवासियों से मांगे गए सुझाव

अयोध्या। (पंजाब)।

राम नगरी अयोध्या को अंतर्राष्ट्रीय सिटी के रूप में 2031 तक तैयार किये विकसित करने की योजना की जानकारी अयोध्या के लोगो को भी दी जा रही है। जिसके लिए अयोध्या डेवलपमेंट अथॉरिटी के द्वारा योजना से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई है। इसके साथ ही इस योजना में होने वाले आपत्ति व अन्य सुझाव भी मांगे गए हैं।

अयोध्या को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए स्मार्ट योजना 2031 तैयार किया गया है। जिसमें जन सुविधाओं को विकसित करने के साथ सुनियोजित विकास की रूपरेखा को तैयार किया गया है। खास तौर पर आधुनिक परिवहन की सुविधाएं पेयजल वेस्टीज का सही उपयोग सीसीटीवी कैमरे से लैस सर के आधुनिक चिकित्सा सेवाएं पार्किंग सहित अन्य सुविधाओं को तैयार किया जाएगा। साथ ही सड़कों को सुरक्षित बनाए जाने के लिए दो नए फायर स्टेशन बनाने की योजना है। और अयोध्या के पर्यटकों को बढ़ावा देने के लिए सड़कों के चौड़ीकरण उन पर स्मार्ट लाइटिंग की व्यवस्था की जानी है। और परिक्रमा मार्ग को रामायण कालीन रूप में विकसित करने का प्रस्ताव भी है।

अयोध्या शहर को सुरक्षा की दृष्टि से प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे वा प्रमुख चौराहों पर फेस डिटेक्टर मशीन लगाए जाएंगे। वही अयोध्या आने वाले पर्यटकों को अयोध्या की पौराणिक जानकारी सही रूप में दिया जाए। इसके लिए प्रशिक्षित गाइड तैयार किए जा रहे हैं तो वही पर्यटकों को रुकने के लिए अच्छी सुविधाएं बने इसके लिए स्टार श्रेणी के होटल भी होंगे है। अयोध्या डेवलपमेंट अथॉरिटी के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया कि अयोध्या का मास्टर प्लान 2031 सुनियोजित विकास के साथ जन सुविधाओं को विकसित करने के लिए बनाया गया है। यह अयोध्या विकास प्राधिकरण के सभाकक्ष व प्राधिकरण की वेबसाइट पर लगा है। सभी इस योजना के बारे में अयोध्या के लोगों को जानकारी मिल सके और इसे देखकर अपनी आपत्तियां व सुझाव दे सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत
गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

पहला कॉलम

किरेन रिजिजू ने बताया, राजद्रोह से जुड़ी धारा 124ए को हटाने से संबंधित कोई प्रस्ताव नहीं

नई दिल्ली।

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि राजद्रोह से जुड़ी भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए को हटाने से संबंधित कोई प्रस्ताव गृह मंत्रालय के पास विचाराधीन नहीं है। उन्होंने कहा कि धारा 124ए से संबंधित 'कानून का सवाल सुप्रीम कोर्ट के पास लंबित है। रिजिजू ने कहा, ''गृह मंत्रालय ने सूचित किया है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए को हटाने का कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।'' दरअसल एआईयूडीएफ के नेता बदरुद्दीन अमजल ने सवाल किया कि क्या सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में राजद्रोह से संबंधित कानून को औपनिवेशिक करार देकर कहा है कि इस कानून का दुरुपयोग हो रहा है? क्या न्यायालय ने सरकार से इस कानून की जरूरत और वैधता को लेकर सरकार से जवाब मांगा है? इसके जवाब में विधि मंत्री ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के किसी फैसले या आदेश में ऐसी टिप्पणी नहीं है।''

गुजरात में ओमिक्रॉन के दो और नए केस आए सामने, राज्य में संक्रमितों की मरीजों संख्या हुई 3

जामनगर . गुजरात में कोरोना के लगातार बढ़ते मामलों के बीच ओमिक्रोन ने दस्तक हो चुकी है और अब इसके और नए मामले सामने आए हैं। जामनगर में ओमिक्रोन संक्रमित मरीज के संपर्क में आए लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसी के साथ राज्य में ओमिक्रॉन संक्रमित मरीजों की संख्या 3 हो गई है। बता दें कि 28 नवंबर को जिम्बाब्वे से 72 वर्षीय एक वृद्ध जामनगर आए थे और टेस्टिंग में उनकी ओमिक्रॉन रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। वृद्ध के संपर्क में आए उनके परिजनों और रिश्तेदारों का टेस्ट कराया गया. जिसमें मरीज की पत्नी और साला भी ओमिक्रॉन की चपेट में आ गया है। राहत की बात यह है कि वडोदरा और सुरेन्द्रनगर में विदेश से आए 3 प्रवासियों को ओमिक्रॉन रिपोरेट नेगेटिव आई है। ये तीनों यात्री हाईरिस्क देशों से गुजरात लौटे हैं और उनके आरटीपीसीआर टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था. तीनों के सैम्पल जांच के लिए लेबोरेटरी भेजे गए थे, जहां तीनों की रिपोर्ट नेगेटिव आने की खबर है।

मोदी सरकार ने सदन को बताया, देश में 100 सैनिक स्कूल स्थापित करने को दी मंजूरी

SAINIK SCHOOL

नई दिल्ली । केंद्र की मोदी सरकार ने बताया कि उसने संबद्धता के आधार पर एनजीओ/ निजी विद्यालयों/ राज्य सरकारों आदि के साथ भागीदारी में 100 सैनिक स्कूल स्थापित करने के लिए योजना को मंजूरी दी है। लोकसभा में दीया कुमारी, सीपी जोशी, अरूण साव, राम मोहन नायडू, रोडमल नागर, अरूण कुमार सागर, सुमेधानंद सरस्वती, हेमंत पाटिल और विनायक राउत के प्रश्न के लिखित उत्तर में रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने इसकी जानकारी दी। भट्ट ने बताया कि इसतरह के संबद्ध स्कूलों से आधारभूत ढांचा, सुविधाएं, अध्यापक रखने तथा मानदंडों के तहत सभी आवश्यकताओं को पूरा करना अपेक्षित है। रक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि सरकार ने एनजीओ/निजी विद्यालयों/ राज्य सरकारों आदि के साथ भागीदारी में संबद्धता के आधार पर 100 सैनिक स्कूल स्थापित करने के लिए योजना को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि इस प्रयोजनार्थ रक्षा मंत्रालय से कोई वित्तीय सहायता प्रस्तावित नहीं है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण हेतु आवेदन वेब पोर्टल के माध्यम से मांगे जा रहे हैं। इस संबंध में आज की तारीख तक इच्छुक विद्यालयों/संस्थानों से 110 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

17 तोपों से दी गई सलामी

पंचतत्व में विलीन हुए हिंदुस्तान के सपूत

पूरे देश ने बिपिन रावत को दी आखिरी बिदाई

नई दिल्ली।

हेलीकाप्टर दुर्घटना में जान गंवाने वाले सेना के सबसे बड़े अधिकारी चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत व उनकी पत्नी मधुलिका का पूरे सैन्य सम्मान के साथ दिल्ली कैंट के बरार स्क्वायर स्थित श्मशान भूमि में शुक्रवार शाम पांच बजे अंतिम संस्कार किया गया। यहां पर जनरल रावत को 17 तोपों की सलामी देने के साथ ही 33 सैन्यकर्मियों ने आखिरी बिदाई दी। श्मशान भूमि परिसर में मौजूद लोगों की नम आंखों के साथ ही पूरा हिंदुस्तान अपने इस बहादुर आफिसर को आखिरी बिदाई दे रहा था। अंतिम संस्कार के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, कई पूर्व सेना अध्यक्ष, फ्रांस, बांग्लादेश, भूटान के अलावा अन्य देशों के अधिकारी के साथ ही सेना के आठ सौ जवान मौजूद रहे। इससे पहले सुबह नौ बजे इसी हादसे में जान गंवाने वाले ब्रिगेडियर एलएस लिड्डुर का अंतिम संस्कार भी यहीं पर किया गया। ब्रिगेडियर लिड्डुर को श्रद्धांजलि देने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर सुबह ही श्मशान भूमि पहुंचे थे।

भारत माता की जय के नारे के साथ दी गई श्रद्धांजलि

कामराज मार्ग स्थित जनरल रावत के आवास से दोपहर करीब सवा दो बजे अंतिम यात्रा शुरू हुई। जनरल रावत को सर्वोच्च सम्मान देते हुए उनका पार्थिव शरीर गन कैरेज पर बरार स्क्वायर तक लाया गया। गन कैरेज के आगे व पीछे तीनों सेना के 99-99 जवान साथ चल रहे थे। साथ ही हजारों लोगों का हुजूम हाथ में तिरंगा व भारत माता की जय के नारे के साथ अपने वीर सपूत को श्रद्धांजलि दे रहा था।

बेटी कृतिका व तारिणी ने दी मुखाग्नि

बरार स्क्वायर पर पार्थिव शरीर 3:35 बजे पहुंचा। पार्थिव शरीर पहुंचने के बाद सेना के तीनों अंगों की टुकड़ियों ने सलामी दी। इसके बाद पार्थिव शरीर को श्मशान भूमि ले जाया गया। यहां करीब एक घंटे तक पूर्व सैन्य अधिकारी, सैन्य अधिकारी सहित अन्य प्रमुख लोगों ने श्रद्धांजलि दी। इसके बाद बेटी कृतिका व तारिणी ने जनरल बिपिन रावत व मधुलिका रावत को मुखाग्नि दी। सुबह ब्रिगेडियर एलएस लिड्डुर को भी उनकी बेटी ने ही मुखाग्नि दी थी। इस दौरान हर शख्स की आंखें नम थी।

भारत में लोकतंत्र है और आगे भी रहेगा, लोकतंत्र की भावना हमारी सभ्यता का अभिन्न अंग: पीएम मोदी



नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए समिट फार डेमोक्रेसी को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे इस शिखर सम्मेलन में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व है। लोकतंत्र की भावना हमारी सभ्यता का अभिन्न अंग है। सदियों का प्रवासीय शासन भी भारतीय लोगों की लोकतांत्रिक भावना को नहीं दबा सका था। भारत की कहानी दुनिया के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि लोकतंत्र लागू किया जा सकता है। भारत में लोकतंत्र है और लोकतंत्र आगे भी जारी रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सदियों का औपनिवेशिक शासन भारतीय लोगों की लोकतांत्रिक भावना को दबा नहीं सका। इसने भारत की स्वतंत्रता के साथ फिर से पूर्ण अभिव्यक्ति पाई और पिछले 75 वर्षों में लोकतांत्रिक राष्ट्र निर्माण में एक अद्वितीय कहानी रखी। बहुदलीय चुनाव, स्वतंत्र न्यायपालिका और स्वतंत्र मीडिया जैसी संरचनात्मक विशेषताएं लोकतंत्र के महत्वपूर्ण उपकरण हैं। हालांकि लोकतंत्र की मूल ताकत वह भावना और लोकाचार है जो हमारे नागरिकों और समाज में निहित है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों ने लोकतांत्रिक विकास के विभिन्न रास्तों का अनुसरण किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम एक दूसरे से बहुत कुछ सीख सकते हैं। हम सभी को अपनी लोकतांत्रिक प्रथाओं और प्रणालियों में लगातार सुधार करने की आवश्यकता है। आज की सभा दुनिया के लोकतंत्रों के बीच सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एक सामयिक मंच प्रदान करती है। इसमें भारत को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने और नवोन्मेषी, डिजिटल समाधानों के माध्यम से शासन के सभी क्षेत्रों में पारदर्शिता बढ़ाने में अपनी विशेषज्ञता साझा करने में खुशी होगी। पीएम मोदी ने कहा कि लोकतंत्र हमारे नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा कर सकता है और मानवता की लोकतांत्रिक भावना का जश्न मना सकता है।

सीडीएस जनरल बिपिन रावत की अंतिम यात्रा में शामिल हुए 4 पड़ोसी देशों के टॉप कमांडर

नई दिल्ली ।

देश के शीर्ष सैन्य अधिकारी सीडीएस जनरल बिपिन रावत की अंतिम यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए हैं। 3, कामराज मार्ग से निकली अंतिम यात्रा में लोग कई जगहों पर नम आंखों के साथ पुष्पवर्षा करते दिखे। इस अंतिम यात्रा में आम लोगों के साथ ही पड़ोसी देश श्रीलंका, भूटान, बांग्लादेश और नेपाल के टॉप कमांडर भी शामिल हुए। बुधवार को ही तमिलनाडु के नीलगिरि जिले में हुए हेलिकॉप्टर क्रैश में सीडीएस बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत एवं 11 अन्य सैन्य अफसरों की मौत हो गई थी। शुक्रवार को सीडीएस रावत और उनकी पत्नी का शव उनके घर पर लोगों के अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया था। इस दौरान पाकिस्तान के उच्चायोग में तैनात सुरक्षा सलाहकार भी जनरल रावत को श्रद्धांजलि देने के लिए उनके घर पर पहुंचे थे। सीडीएस जनरल रावत की अंतिम यात्रा में शामिल होने जनरल शेवेंद्र सिल्वा भी पहुंचे, जो श्रीलंका के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ हैं और आर्मी कमांडर हैं। इसके अलावा रॉयल भूटान आर्मी के डिप्टी चीफ ऑपरेशंस ऑफिसर ब्रिगेडियर दोरजी रिंचेन भी शामिल हुए। नेपाली सेना के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल बालकृष्ण कार्की भी शामिल हुए। यही नहीं बांग्लादेश के प्रिंसिपल स्टाफ ऑफिसर लेफ्टिनेंट जनरल वाकिर-उज-जमान भी अंतिम यात्रा में थे।

प्रियंका के पहुंचने के पहले गोवा में कई कांग्रेसियों ने दिया इस्तीफा

पणजी ।

कांग्रेस की गोवा इकाई के कई नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। दरअसल, कांग्रेस की गोवा इकाई शुक्रवार को महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के आगमन की तैयारी में जुटी थी, इसी बीच पोरवोरिम विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं के एक समूह ने इस्तीफा दे दिया। निर्दलीय विधायक रोहन खुंटे द्वारा समर्थित समूह ने दावा किया कि कांग्रेस 2022 की शुरुआत में होने वाला विधानसभा चुनाव लड़ने के प्रति गंभीर नहीं है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य गुपेश नाइक, जिन्होंने पोरवोरिम से समूह का नेतृत्व किया, ने कहा कांग्रेस पार्टी आगामी गोवा चुनाव को गंभीरता से नहीं ले रही है। इसके कुछ नेताओं के रवैये के कारण इसकी सफलता की संभावना नहीं है।

कांग्रेस को एक और झटका देते हुए, दक्षिण गोवा से उसके वरिष्ठ नेता मोरेनो रेबेलो ने भी इस्तीफा दे दिया है। रेबेलो के त्याग पत्र में दावा किया गया है कि पार्टी द्वारा कर्टोरिम निर्वाचन क्षेत्र से मौजूदा विधायक एलेक्सो रेजिनाल्डो लौरेंको को 'पार्टी के खिलाफ काम करने के बावजूद' 'उम्मीदवार' घोषित करने से वह परेशान हैं। रेबेलो कर्टोरिम के रहने वाले हैं। रेबेलो ने गोवा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जीपीसीसी) के अध्यक्ष गिरीश चोडानकर को संबोधित पत्र में कहा एलेक्सो रेजिनाल्डो लौरेंको, जिन्होंने पिछले साढ़े चार वर्षों से कभी किसी पार्टी गतिविधि में भाग नहीं लिया है।

उन्होंने हाल ही में हुए जिला पंचायत चुनाव में कर्टोरिम के आधिकारिक उम्मीदवार के खिलाफ काम किया है। इसके बावजूद उन्हें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पदोन्नत और हाल ही में आयोजित एक सम्मेलन के दौरान वरिष्ठ नेताओं द्वारा उम्मीदवार के रूप में घोषित किया गया है।

केंद्र सरकार पुरानी पेंशन योजना देने पर कर रही विचार

मुद्दे पर कानून मंत्रालय से मांगी राय

नई दिल्ली ।

केंद्र की भाजपानीत मोदी सरकार उन सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना देने पर विचार कर रही है, जिनकी भर्ती के लिए विज्ञापन 31 दिसंबर 2003 को या उससे पहले जारी किए गए थे। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के मुताबिक इस मुद्दे पर कानून मंत्रालय से राय मांगी गई है, उनका जवाब आने के बाद इस पर फैसला हो जाएगा। डॉ. जितेंद्र सिंह ने संसद में कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद सरकार ने इस मैटर को कानून मंत्रालय के अधीन कर दिया था। लेकिन अभी उनका जवाब नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि वित्तीय सेवा विभाग पेंशन ओर पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपी एंड पीडबल्यू) उन कर्मचारियों को एनपीएस के दायरे से बाहर करने के संबंध में उचित निर्णय ले सकता है और उन्हें ओपीएस के तहत कवर कर सकता है। ये वे कर्मचारी होंगे, जिनकी भर्ती के लिए विज्ञापन 01 जनवरी 2004 को या उससे पहले जारी किया गया था। संसद में केंद्रीय मंत्री से यह सवाल पूछा गया था कि क्या पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ध्यान में रखते हुए वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) और कानून मंत्रालय से उन कर्मचारियों को एनपीएस से बाहर करने और उन्हें पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने के लिए विचार मांगे हैं, जिनकी भर्ती के लिए विज्ञापन 31 दिसंबर 2003 को या उससे पहले जारी किए गए। दूसरी तरफ केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कुछ दिन पहले संसद में बयान दिया था कि सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स में आने वाले रिक्रूट को पुरानी पेंशन योजना का फायदा देने का कोई विचार नहीं है। उनसे पूछा गया था कि 1 जनवरी 2004 के बाद पैरामिलेट्री में आने वाले जवानों को एपीएस का फायदा मिलेगा या नहीं। उनके मुताबिक सेंट्रल सिविल सर्विसेज पेंशन रूले स 1972 के तहत पैरामिलेट्री स्टाफ को पेंशन और दूसरे बेनिफिट मिल रहे हैं। लेकिन उन्हें न्यू पेंशन स्कीम में ही रहना होगा।

नई दिल्ली में शुक्रवार को केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस), जनरल बिपिन रावत और श्रीमती मधुलिका रावत को श्रद्धांजलि अर्पित की।

देश के महान सपूत जनरल बिपिन रावत को भारत रत्न से सम्मानित करे केन्द्र सरकार : चौ. अनिल कुमार

देश के प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में श्रद्धांजलि दी और आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

नई दिल्ली।

देश के प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत की हेलीकॉप्टर के दर्दनाक हादसे में मृत्यु के बाद दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में आयोजित शोक सभा में दिल्ली प्रदेश कांगेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में आज हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता मौजूद थे। शोक सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार सहित सभी मौजूद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गमगीन मन से देश के महान सपूत जनरल बिपिन रावत की तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने जनरल बिपिन रावत के निवास के.कामराज मार्ग जाकर उनके एवं उनकी पत्नी पार्थिव शरीर के दर्शन करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि देश के महान सपूत जनरल बिपिन रावत को उनकी अमूल्य सेवाओं के लिए भारत रत्न दिया जाना चाहिए। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि बड़े ही दुख की बात है कि हेलीकॉप्टर दुर्घटना में जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत सहित 11 अन्य सैन्य अधिकारियों की एक साथ मृत्यु से जहां पूरा देश उन्हें सम्मान देते हुए नमन कर रहा है, वहीं जनरल रावत की बेटियों कृतिका और तारिनी के उपर से मॉ-बाप का साया एक साथ हटने के बाद पूरा देश उनके साथ खड़ा है। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि जनरल बिपिन रावत की मृत्यु के बाद उनके सम्मान में पूरा देश एक साथ खड़ा है, चाहे राजनीतिक पार्टी हो, सरकारी अथवा सामाजिक संस्थाऐं हो, उनका प्रत्येक व्यक्ति जनरल रावत के प्रति सम्मान रखता है।

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार
में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार
संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-krantisamay@gmail.com

समस्या आपकी हमें भेजे

अपने क्षेत्र में समस्याएं
हमें लिखे या बताएँ
और समस्याएं का हल
संबंधित विभाग से मिलेगा
मोबाईल:-987914180
या फोटा,वीडियो हमें भेजे

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार
भारत के अन्य राज्यों में जिला ब्यूरों
और अन्य शहर,ग्राम में पत्रकारों
की नियुक्त के लिए आवेदन कर सकते है
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-krantisamay@gmail.com